भावना संदेश

अप्रैल–2017



भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति का 17वाँ वार्षिक महाधिवेशन, (05 मार्च, 2017 राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह, लखनऊ)

भावना प्रबंधकारिणी समिति

संरक्षक, निर्वाचित, मनोनीत एवं स्थाई पदाधिकारी

(पत्रांक : भावना/प–010/अ/588, दिनांक 23.03.2017 द्वारा पुनर्गठित)

संरक्षक सदस्य
विजय कृष्ण शुंगलू
भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (निवर्तमान)
अब अध्यक्ष, दिल्ली पब्लिक स्कूल सोसायटी
फोन : 0120–2513838 / 09810711820
ई. मेलः vkshunglu@yahoo.co.in

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
अजय प्रकाश वर्मा, आई.ए.एस. (से.नि.)
पूर्व मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार
फोन : 0522–2395195 / 09415402554

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
न्यायमूर्ति घनश्याम दास अग्रवाल
पूर्व अध्यक्ष, नेशनल इन्डस्ट्रियल ट्रिब्युनल, मुम्बई,
न्यायाधीश (से.नि.), इलाहाबाद उच्च न्यायालय
फोन : 0522–2309327

संरक्षक एवं संस्थापक सदस्य
कोमल प्रसाद वार्ष्णेय
प्रमुख अभियन्ता (से.नि.), लोक निर्माण विभाग, उ.प्र.
फोन : 0522–2321680 / 09415736256

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
जगदीश गाँधी
शिक्षाविद्, संस्थापक प्रबंधक, सिटी मोन्टेसरी स्कूल्स, लखनऊ
फोन : 09415015030
ई. मेलः info@cmseducation.org

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
ज्ञानेन्द्र कुमार खरे
अध्यक्ष (से.नि.), रेलवे बोर्ड, भारत
फोन : 0532–2624020 / 09335157680
ई.मेलः kharegk.ald@gmail.com

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
न्यायमूर्ति दिनेश कुमार त्रिवेदी
न्यायाधीश (से.नि.), इलाहाबाद उच्च न्यायालय
अध्यक्ष, उच्च जाति आयोग, बिहार
फोन : 0522–2302591 / 09415152086

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव
मुख्य आयुक्त (से.नि.), कस्टम्स, सेन्ट्रल एक्साइज़ तथा सर्विस टैक्स
फोनः 0522–4073682 / 07754058564
ई.मेलः cps2806@gmail.com

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
न्यायमूर्ति सुधीर चन्द्र वर्मा
न्यायाधीश (से.नि.), इलाहाबाद उच्च न्यायालय तथा
पूर्व लोकायुक्त, उत्तर प्रदेश
फोन : 09415419439

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
पद्मश्री प्रो. महेन्द्र सिंह सोढा
पूर्व कुलपति, इन्दौर, लखनऊ तथा भोपाल विश्वविद्यालय,
फोन : 0522–2788033,
ई. मेलः msodha@rediffmail.com

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
परामर्शी, विधि तथा RTI प्रकोष्ठ
न्यायमूर्ति कमलेश्वर नाथ
न्यायाधीश (से.नि.), इलाहाबाद उच्च न्यायालय
फोन : 0522–2789033 / 09415010746
ई. मेलः justicekn@gmail.com

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
राकेश कुमार मित्तल
प्रमुख सचिव (से.नि.), उ.प्र. शासन तथा मुख्य संयोजक, कबीर शान्ति मिशन
फोन : 0522–2309147 / 2307164 / 09415015859
ई. मेलः rakesh_mittal_2000@yahoo.com

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
न्यायमूर्ति करण लाल शर्मा
न्यायाधीश (से.नि.), इलाहाबाद उच्च न्यायालय
फोन : 0522–2997299 / 2398857 / 09415560824
ई. मेलः sunil.sharma.lko@gmail.com

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
ओम् नारायण
निदेशक (से.नि.), कोषागार, उ.प्र.
फोनः 0522–3013010 / 09415515647
ई.मेलः omnarayan@hotmail.com

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
श्रीमती सुनन्दा प्रसाद, आई.ए.एस.(से.नि.)
पूर्व अध्यक्ष, राजस्व परिषद, उ.प्र.
फोन : 09839211040
ई.मेलः prasad_sunanda@hotmail.com

संस्थागत सदस्य

मिरर फ़ाउन्डेशन्स फ़ॉर सेल्फ़ इम्प्रूवमेन्ट एन्ड नेचुरल लिविन्ग
श्री पवन ग्रोवर, संस्थापक अध्यक्ष
फोन : 0522–4002197 / 2311168 / 09839035475
ई. मेलः pawangrover@yahoo.com

आस्था सेन्टर फ़ॉर जेरियाट्रिक मेडीसिन, पालिएटिव केयर, हॉस्पिटल, हॉस्पिस एन्ड सोशल वेलफ़ेयर सोसायटी
डॉ. अभिषेक शुक्ला, संस्थापक अध्यक्ष
फोन : 0522–3240000 / 09336285050
ई. मेलः enquiry@hospiceindia.org

शेष पृष्ठ 59 से 64 पर

(सदस्यों में केवल आन्तरिक वितरण हेतु)

भावना संदेश

वर्ष : 17 अंक : 02 अप्रैल–2017

सम्पादन समिति

इं0 अमरनाथ – प्रधान सम्पादक
श्री सुशील कुमार शर्मा – सम्पादक
प्रो0 (डॉ0) अवनीश अग्रवाल – सह–सम्पादक

प्रकाशक

भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति

507, कसमण्डा रीजेन्ट अपार्टमेन्ट्स
पार्क रोड, लखनऊ–226001
दूरभाष : 0522–4016048 पं.सं.: 662/2000–01
वेबसाइट : www.bhavanaindia.org
ई–मेल : bhavanasindia.@gmail.com
facebook page - Bharatiya Varishtha Nagarik Samiti
Bhavana google group: bhavana-lucknow@googlegroups.com

मुद्रक

क्रियेटिव इंक, हिमांशु सदन, 5 पार्क रोड, लखनऊ।
मो0 : 7398629394 9935526017
E-mail : creativesheebu@gmail.com

भावना का संकल्प गीत

भावना सहयोग, सेवा, स्वावलम्बन से चले,
भावना की राह में संकल्प का दीपक जले।

भावना में डूब के इतने सहिष्णु हम हुए,
आस्था, विश्वास के साँचे में हम फिर–फिर ढले।

भावना ये है बुजुर्गों को किसी भी हाल में,
इस बदलते दौर की तल्ख़ी न रत्ती भर खले।

भावना का एक ही सन्देश है सबके लिए,
शेष जीवन भर कोई अब जिन्दगी को न छले।

विश्व में इक मंच देने को वरिष्ठों के लिए,
भावना की 'शान्त' पलकों पे कई सपने पले।

– इं. देवकी नन्दन 'शान्त'

भावना सूत्र वाक्य

सन्देश नहीं मैं यहाँ स्वर्ग का लाया।
इस धरती को ही स्वर्ग बनाने आया।।

– श्री मैथिली शरण गुप्त

सम्पादकीय

वृद्धा अवस्था की कुछ समस्याएं एवं निदान के उपाय

एक कहावत है कि बुद्धिमान व्यक्ति दूसरों के अनुभव से सीखना पसन्द करते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए मैंने भी अपने से वरिष्ठ एवं अधिक योग्य व्यक्तियों से कुछ व्यवहारिक बातें सीख कर अपनाई है जिससे मुझे लाभ हुआ है। अतः अपने माननीय सदस्यों से इस उद्देश्य के साथ Share कर रहा हूँ कि शायद कोई व्यक्ति इससे लाभान्वित हो सके। उपर्युक्त आलोक में वृद्धावस्था की कुछ समस्याओं का निदान नीचे अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया जाता है :-

(अ) Forgetfulness यानि भूल जाने की समस्या–एक आम समस्या यह आती कि व्यक्ति नित-प्रतिदिन की प्रक्रिया में अपने द्वारा रखी हुई चीजें भूल जाता है। जैसे चश्मा कहां रखा है। बटुआ कहां रखा है, इत्यादि। विशेष तौर पर स्थिति बहुत गम्भीर हो जाती है जब यह भी याद नहीं रहता कि दवा खायी या भूल गये। इस समस्या का निदान निम्न प्रक्रिया को अपनाने से हो सकता है -

1) दवायें प्रायः खाना खाने के बाद ही खानी होती है। अतः यदि आप खाना प्रारम्भ करने से पहले एक कटोरी में दवा निकालकर रख लें तब समस्या का निदान हो जाता है चूंकि उस हालत में दवाई पड़ी आपको दिखाई देगी तो भूलने की बात समाप्त हो जायेगी और यदि फिर भी आपसे गलती होती है तो जो आपकी प्लेट उठाऐगा वही बोलेगा कि दवा पड़ी हुई है।

2) एक आम आदत डाली जाय कि जब भी आप शहर से अपने घर लौटें सबसे पहले यह करें कि अपना बटुआ निकाल कर एक पूर्व निश्चित अलमारी में डाल दें। ऐसा करने से पर्स में से पैसे चोरी होने की समस्या भी समाप्त हो जायेगी और साथ ही यदि पर्स कहीं छूट गया है तो भी यह याद आ जायेगा कि आखिरी Transaction कहां किया गया था। ऐसी परिस्थितियों में आपका पर्स यदि चुराया नहीं गया तो मिल सकता है परन्तु यदि तुरन्त वापस न जायेंगे तो पाने वाला यदि ईमानदार भी है तो उसे यह

मालूम नहीं होगा कि पर्स किसका है?

अ) यदि आप चश्मा पहनते हैं तो चश्मा उतारने पर या तो कम्प्यूटर के पास रख दें या टी.वी. के पास क्योंकि इन दोनों जगहों पर आपको पड़ने/देखने के लिये चश्मे की आवश्यकता पड़ती है। यह आदत डालना प्रारम्भ में हो सकता है कठिन लगे लेकिन इससे लाभ आवश्यक होगा अन्यथा कई बार आपका बहुत समय चश्मा ढूंढने में नष्ट हो जाता है।

ब) गिरते हुए स्वास्थ्य की समस्या - आयु के साथ शरीर का क्षीण होना स्वाभाविक है परन्तु यदि निम्न उपाय किये जायें तो मेरे विचार से क्षीणता की गति को कम किया जा सकता है -

1) अपने डाक्टर को अपना सबसे अच्छा मित्र मान लेवें और उससे कुछ भी न छिपायें। कम से कम एक डाक्टर से ऐसे सम्बन्ध अवश्य बनायें जिससे यदि आप दूरभाष पर बात करें तो डाक्टर को आपकी Identity समझ में आ जाये। इसका लाभ इमरजेन्सी में भी आपको प्राप्त हो सकेगा। यदि किसी गेम को खेलने का शौक है तो अपने डाक्टर से पूछ अवश्य लेवें ताकि ज्यादा Strain न हो जाय। खेलने से शरीर का Metabolism अच्छा हो जाता है जिससे शरीर को लाभ मिलता है। यह ध्यान में रखे कि सभी बीमारियां प्रारम्भ में पकड़ में आने पर जल्दी ठीक हो जाती है।

स) तीव्र गति से बढ़ रही Technology का ज्ञान - कहते हैं कि सीखने की कोई आयु नहीं होती। यदि लग्न है तो व्यक्ति कभी भी सीख सकता है परन्तु नई टेक्नॉलॉजी Adopt करना आवश्यक है चूंकि जो कार्य हमारी पीढ़ी एक दिन में करती थी वह आज की पीढ़ी कुछ घंटों में करती है। यदि कोई वित्तीय कठिनाई न हो तो अपने बच्चों से सीखने की बजाय payment basis पर सीखें तो बेहतर होगा चूंकि आजकल अधिकांश बेटे/बेटियां बड़ी Companies में कार्यरत हैं तथा उनका समय बहुत कीमती है। साथ ही स्वतंत्र रूप से सीखने पर आपकी उत्कृष्टता भी बनी रहेगी।

इं. सुशील कुमार शर्मा
सम्पादक

भावना का सत्रहवाँ वार्षिक महाधिवेशन सोल्लास सम्पन्न

उत्तर प्रदेश में माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 एवं उत्तर प्रदेश माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण तथा कल्याण नियमावली 2014 तथा उत्तर प्रदेश राज्य वरिष्ठ नागरिक नीति के प्राविधानों को येन केन प्रकारेण यथाशीघ्र पूर्णतः लागू कराना भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति (भावना) के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य होगा। यह घोषणा 05 मार्च, 2017 को राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुए भावना के सत्रहवें वार्षिक महाधिवेशन में सर्वसम्मति से की गई। इस अवसर पर भावना-सदस्यों के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों की तथा उनका हित-चिन्तन करने वाली कई अन्य संस्थाओं के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

बैठक में इन ज्वलंत तथ्यों पर विचार किया गया कि वर्तमान समय में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या देश में कुल आबादी की 10 प्रतिशत है जो वर्ष 2050 तक बढ़कर 22 प्रतिशत हो जाएगी, अर्थात प्रत्येक चार में एक व्यक्ति वरिष्ठ नागरिक होगा। 73 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिक निरक्षर हैं तथा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। 70 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिक ग्रामों में रहते हैं। 66 प्रतिशत इतने गरीब हैं कि उन्हें दो वक्त की रोटी भी नसीब नहीं है। अनपढ़ होने के कारण उन्हें जीविकोपार्जन हेतु शारीरिक श्रम पर ही निर्भर होना पड़ता है। इतना भयावह परिदृश्य होने के बावजूद उत्तर प्रदेश सरकार तथा केन्द्र सरकार भी वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के प्रति अब तक पूर्णतः उदासीन रही है। विचारोपरांत बैठक में वरिष्ठ नागरिकों के हित के 14 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए तथा निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में भावना द्वारा इन के अनुरूप ही यथावान्छित कार्यवाही की जाएगी। भावना द्वारा वरिष्ठ

नागरिकों की तथा उनका हित-चिन्तन करने वाली अन्य संस्थाओं के सहयोग से प्रदेश के हर नगर एवं ग्राम में बिना जाति, धर्म, वर्ण, लिंग अथवा आर्थिक स्थिति का भेद किए सभी वरिष्ठ नागरिकों को जागरूक करने के प्रयास किए जायेंगे ताकि वे उन सुविधाओं से वंचित न रहें जो शासन से उन्हें पहले से ही अनुमन्य हैं तथा उन सुविधाओं की वे साधिकार माँग कर सकें जो उन्हें मिलनी चाहिए।

भावना द्वारा निर्बल एवं असहाय जनों के हित में चलाए जा रहे विभिन्न सेवा प्रकल्प यथावत जारी रखने का निर्णय भी इस बैठक में लिया गया। तदनुसार समिति द्वारा प्रायोजित एवं वित्त-पोषित शिक्षा सहायता योजना का लाभ आगामी शिक्षा-सत्र में कक्षा 8 तथा नीचे की कक्षाओं में पढ़ रहे कम से कम 100 गरीब मेधावी बच्चों को 1200 रुपए की दर से उपलब्ध कराया जाएगा। वर्तमान सत्र में भावना से सहयोग प्राप्त जो बच्चे कक्षा 8 तथा 9 की परीक्षा में कम से कम 60 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण होंगे उन्हें क्रमशः कक्षा 9 तथा 10 में पढ़ने के लिए 1800 रुपए की दर से सहयोग दिया जाएगा। इसी प्रकार वर्तमान सत्र में भावना से सहयोग प्राप्त जो बच्चे कक्षा 10 व 11 की परीक्षा में कम से कम 60 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण होंगे उन्हें क्रमशः कक्षा 11 तथा 12 में पढ़ने के लिए 2000 रुपए की दर से सहयोग दिया जाएगा। शहरी तथा ग्रामीण गरीब एवं विकलांग जनों के हित की सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाने हेतु भावना उनके तथा शासन तंत्र के बीच सकारात्मक कड़ी का काम करेगी। आगामी शीत ऋतु में लखनऊ जनपद तथा निकटवर्ती अन्य जनपदों के नगरीय तथा ग्रामीण इलाकों में भिन्न भिन्न स्थानों पर निर्धन-जन सेवा शिविर आयोजित करके कम से कम 800 पूर्व-चिन्हित निर्धन परिवारों को प्रति परिवार एक एक नया ऊनी कम्बल प्रदान किया जाएगा तथा कम से कम 2000 निर्धन पुरुषों-महिलाओं-बच्चों को पहनने-ओढ़ने-बिछाने के ऊनी-सूती कपड़े, बर्तन आदि दिए जायेंगे। कुछ चुने हुए अनाथ बच्चों को जीवन यापन हेतु मूलभूत आवश्यकता वाली वस्तुओं की आपूर्ति भी करते रहने का संकल्प व्यक्त किया गया।

अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में भावना के वयोवृद्ध सदस्यों, माननीय डॉ. जगदीश गांधी, श्रीमती उमा शशि मिश्र, श्री विजय कुमार माथुर, श्री विश्व पाल निगम, डॉ. त्रिलोकी नाथ सिंह तथा श्री राम किशोर पाण्डेय को पुष्प-गुच्छ देकर एवं अंगवस्त्र पहनाकर उनका सार्वजनिक अभिनन्दन किया गया।

इस अवसर पर भावना-प्रकाशन के प्रधान सम्पादक, श्री अमर नाथ, की नव-रचित पुस्तक, 'खरी-खोटी', का लोकार्पण भी मुख्य अतिथि तथा मंचासीन अन्य विशिष्ट अतिथियों के कर-कमलों से सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक एवं वरिष्ठ साहित्यकार, श्री महेश चन्द्र द्विवेदी ने अपने सम्बोधन में कहा कि उन्हें यह देख कर प्रसन्नता हो रही है कि भावना अपने सदस्यों के माध्यम से समाज सेवा कर रही है। इससे उनका मन संतुष्ट एवं प्रफुल्लित होता होगा तथा निराशावादी विचार उनके पास आ भी नहीं पाते होंगे। उन्होंने भावना के उद्देश्यों एवं कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि भावना इसी विचारधारा पर कार्य कर रही है और कदाचित इसी लिए इस संस्था से जुड़े बुजुर्गों में इतना उत्साह तथा इतनी ताजगी देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि भावना के सदस्य दूसरों की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझकर काम करते हैं और इसीलिए इनके अंदर इतना अधिक सेवाभाव है। उन्होंने भावना का पत्नी सहित विशिष्ट सदस्य बनने की इच्छा भी व्यक्त की।

सभा को डॉ. जगदीश गांधी, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निवर्तमान न्यायाधीश न्यायमूर्ति कमलेश्वर नाथ, उत्तर प्रदेश जलनिगम पेंशनर्स एसोसिएशन के महासचिव श्री नवीन चन्द्र पाण्डेय, एवं आर.के. ग्रुप की .एम.डी. श्रीमती संगीता गुप्ता ने भी सम्बोधित किया।

इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए भावना के अध्यक्ष, श्री विनोद कुमार शुक्ला ने भारत में वर्तमान

समय में हो रही वरिष्ठ नागरिकों की दुर्दशा पर संक्षेप में प्रकाश डालते हुए कहा कि भावना-आन्दोलन उनकी दशा सुधारने की दिशा में एक विनम्र किन्तु सुदृढ़ प्रयास है। आमुख महासचिव, श्री राम लाल गुप्ता, ने भावना द्वारा गत एक वर्ष में किए गए जनहितकारी कार्यों का संक्षिप्त ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा भविष्य की योजनायें बताईं। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री सुशील शंकर सक्सेना, ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन साहित्य-भूषण श्री देवकी नन्दन 'शान्त' द्वारा अत्यंत कुशलता पूर्वक किया गया।

जगत बिहारी अग्रवाल
महासचिव (प्रशासन)

विवरण

नाम : **महेश चंद्र द्विवेदी (पूर्व पुलिस महानिदेशक, उ.प्र.)**
पता : 'ज्ञान प्रसार संस्थान', 1/137, विवेकखंड, गोमतीनगर, लखनऊ-226010
फोन : 0522 2304276/9415063030
ई-मेल : mcdewedy@yahoo.com

जन्म-स्थान एवं जन्मतिथिः मानीकोठी, इटावा/07 जुलाई, 1941
शिक्षा : एम. एस. सी./भैतिकी एवं (सोशल प्लानिंग) विशारद, डिप्लोमा इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन
साहित्यिक अभिरुचि : 15 कृतियाँ प्रकाशित तथा अनेकों राष्ट्रीय, अन्तरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशन। दूरदर्शन व ईटीवी पर अनेक कवितायें एवं साक्षात्कार प्रसारित तथा मंचों से काव्य पाठ। अनेक अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलनों में भागीदारी तथा सामाजिक कार्यों हेतु ढेर सारे सम्मान एवं पुरस्कार।

भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति
17वाँ वार्षिक महाधिवेशन-प्रमुख महासचिव का प्रतिवेदन

भावना के सत्रहवें महाधिवेशन की अध्यक्षता करते हुए माननीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ल जी, मुख्य अतिथि माननीय श्री महेश चन्द्र द्विवेदी जी, मा. विशिष्ट अतिथिगण, सम्मानित मंच, सम्मानित मीडिया के प्रतिनिधिगण, देवियों एवं सज्जनों। मैं समिति की प्रबंधकारिणी की ओर से एवं अपनी ओर से भी आप सभी का हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करता हूँ तथा आभार व्यक्त करता हूं कि आप अपने बहुमूल्य एवं व्यस्ततम समय में से कुछ समय निकालकर इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए हैं।

मान्यवर, भारतवर्ष में लगभग 12 करोड़ वरिष्ठ नागरिक हैं, जो भारत की जनसंख्या का लगभग 10 प्रतिशत होता है। चिकित्सा के क्षेत्र में नित नई सुविधाओं एवं अन्वेषणों के फलस्वरूप इस संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुमानानुसार वर्ष 2050 तक विश्व में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या कुल जनसंख्या की लगभग 22 प्रतिशत हो जाएगी। भारत में वरिष्ठ नागरिकों की इतनी बड़ी संख्या में अधिकांश (लगभग 70 प्रतिशत) गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करते हैं। इनमें से बहुतों को तो दो समय का पर्याप्त भोजन भी नसीब नहीं होता है। मात्र 2-3 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिक ही कुछ बेहतर स्थिति में कहे जा सकते हैं, शेष की हालत भी कोई अच्छी नहीं है। वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा भी एक बहुत बड़ी समस्या है। अधिकांश वरिष्ठ नागरिक अपने घर में भी स्वयं को असुरक्षित महसूस करते हैं।

बड़े खेद का विषय है कि सरकारों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के प्रति निरन्तर उदासीनता बरती जा रही है। फलस्वरूप वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकार दिलाने एवं हित लाभ को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ

नागरिक समितियां बनाई गयी हैं। भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति (भावना) भी बुजुर्गों के समग्र कल्याण के लिए समर्पित है। समिति की स्थापना जुलाई, 2000 में हुई थी। जाति, उपजाति, धर्म, वर्ण, लिंग अथवा आर्थिक स्थिति का भेद किए बिना भावना यह प्रयास करती है कि वह अधिकाधिक बुजुर्गों को इस योग्य बनाने में यथासम्भव सहयोग दे कि वे जीवनपर्यन्त सम्मान के साथ सुखी एवं स्वस्थ रह सकें। भावना अपने सदस्यों के माध्यम से समाज के कमजोर वर्ग यथा-निराश्रित महिलाओं, बेसहारा बच्चों, दिव्यांगों तथा अन्य निर्बल एवं असहाय जनों के कल्याण के लिए भी कार्य करती है।

भावना द्वारा अपने स्तर से तथा सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर किए गये सामूहिक प्रयासों के फलस्वरूप वरिष्ठ नागरिकों के हित के कुछ शासकीय आदेश पारित कराये गये हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा Maintenance & Welfare of Parents and Senior Citizens Act 2017 (MWPSCA) को लागू किया जाना उल्लेखनीय है। राज्य सरकार द्वारा इस योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु कार्यवाही की जा रही है। आशा है कि वरिष्ठ नागरिकों को इसका लाभ मिल सकेगा। वरिष्ठ नागरिक समितियों के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप केन्द्र सरकार द्वारा National Policy of Older Persons 1999 में घोषित की गई थी, लेकिन इसे लागू नहीं किया गया। तब से यह प्रकरण केन्द्र सरकार ने ठंडे बस्ते में डाल रखा है। किन्तु मुझे यह बताने में हर्ष हो रहा है कि भावना, हेल्पेज इंडिया तथा वरिष्ठ नागरिकों को अन्य प्रदेश स्तरीय संस्थाओं के सम्मिलित प्रयासों के परिणाम स्वरूप उत्तर प्रदेश शासन द्वारा ''उत्तर प्रदेश राज्य वरिष्ठ नागरिक नीति'' का शासनादेश 21 मार्च, 2016 को जारी किया जा चुका है। इस नीति के अनुसार प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों की आर्थिक सुरक्षा आवासीय सुरक्षा, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की देखरेख के साथ-साथ उनके समग्र कल्याण तथा आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु यथासम्भव सहयोग की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। उत्तर प्रदेश शासन का यह एक प्रशंसनीय कदम है। सरकार द्वारा अब शीघ्रातिशीघ्र इसके प्रभावी कार्यान्वयन को भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

मान्यवर, भावना स्थापना के समय से ही अपने उद्देश्यों की पूर्ति में निरंतर प्रयासरत है। मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता एवं गर्व है कि इतनी अल्प अवधि में ही भावना उत्तर प्रदेश ही नहीं अपितु भारतवर्ष में अग्रणी वरिष्ठ नागरिक संस्थाओं में से एक हो गई है और आज भावना अन्तरराष्ट्रीय पहचान भी बन चुकी है। भावना के सदस्यों को राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर वरिष्ठ नागरिकों के हितार्थ कार्यरत अन्य संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे कार्यों की जानकारी उपलब्ध हो सके तथा आवश्यकता पड़ने पर भावना उन संस्थाओं को सहयोग दे सके अथवा अपने उद्देश्यों की पूर्ति हेतु उनसे सहयोग प्राप्त कर सके, इस अभिप्रयास से भावना द्वारा ऐसी संस्थाओं से अंतरंग समन्वय स्थापित किया गया है। भावना ने जहां कुछ संस्थाओं की संस्थागत सदस्यता ग्रहण की है वहीं कुछ संस्थाओं ने भावना की भी, संस्थागत सदस्यता ग्रहण की हुई है। इन दोनों प्रकार की संस्थाओं का विवरण निम्नवत् है :-

(अ) राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय संस्थायें जिनसे भावना जुड़ी है :-

(i) World U3A (ii) U3A Asia Pacific Alliance (iii) HelpAge International (iv) HelpAge India (v) Help Your NGO (vi) All India Senior Citizen Conferedation (AISCCON) (vii) Indian Society of Universities of Third Age (ISU3As) (viii) Senior Citizens Conferedations of Delhi, Uttarakhand, Chandigarh, Nepal & Daman, (ix) अन्तरराष्ट्रीय सहयोग परिषद तथा (x) वरिष्ठ नागरिक महासमिति, उत्तर प्रदेश।

(ब) संस्थायें जो भावना की संस्थागत सदस्य है :-

(i) मिरर फाउण्डेशन फॉर सेल्फ इम्प्रूवमेंट एण्ड नेचुरल लिविंग, (ii) आस्था सेन्टर फॉर जेरियाट्रिक मेडीसिन, पालिएटिव केयर हॉस्पिटल, हॉस्पिस एण्ड सोशल वेलफेयर सोसाइटी (iii) स्वास्थ्य एवं जड़ी बूटी विकास

संस्थान, (iv) विद्युत पेंशनर्स परिषद, उत्तर प्रदेश (v) कामर्शियल टैक्स रिटायर्ड आफिसर्स एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश (vi) बेटरन सहायता समिति (vii) परमहंस योगानन्द सोसायटी फॉर स्पेशल अनफोल्डिंग एण्ड मोल्डिंग (PYSSUM) (viii) भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति (ग्रामीण) भौली, लखनऊ (ix) श्री तारीफ सिंह धर्मार्थ ट्रस्ट जमालपुर नंगली, जिला शामली, उ.प्र. (x) पलाश ग्रामीण वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति, भगवतीपुर, लखनऊ (xi) रूद्राक्ष वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति (xii) विजयश्री फाउण्डेशन (प्रसादम् सेवा) लखनऊ (xiii) वरिष्ठ नागरिक समिति (ग्रामीण) हरौनी, जिला उन्नाव।

भावना द्वारा इन संस्थाओं के कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर यथा-आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाता है तथा भावना इन संस्थाओं के प्रतिनिधियों को अपने कार्यक्रमों में आमंत्रित करती है ताकि निरन्तर जानकारियों एवं सेवाओं का आदान-प्रदान हो सके। भावना द्वारा सहयोग स्वरूप राष्ट्र-स्तरीय संस्थाओं के अनुरोध पर लखनऊ में उनके अधिवेशनों के आयोजन किए गए हैं। AISCCON का तेरहवां महाधिवेशन 22 व 23 नवम्बर, 2013 को भावना के तत्वावधान में लखनऊ में आयोजित किया गया तथा गत् वर्ष 13 नवम्बर, 2016 को ISU3As की वार्षिक आम बैठक का भी आयोजन भावना के तत्वावधान में लखनऊ में किया गया।

मान्यवर, अब मैं भावना द्वारा अपने उद्देश्यों की पूर्ति हेतु किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के विषय में संक्षेप में बताना चाहूँगा क्योंकि समयाभाव के कारण विस्तृत विवरण प्रस्तुत करना सम्भव नहीं हो सकेगा। कार्यक्रमों के प्रभावी निष्पादन हेतु भावना में निम्नलिखित 15 प्रकोष्ठ गठित हैं। प्रत्येक प्रकोष्ठ में एक संयोजक तथा आवश्यकतानुसार सदस्य मनोनीत हैं ताकि प्रकोष्ठ के अन्तर्गत कार्यों का समुचित संचालन हो सके :-

1- सहयोग एवं सेवा प्रकोष्ठ 2- विधि एवं आर.टी.आई. प्रकोष्ठ 3- सांस्कृतिक कार्य प्रकोष्ठ 4- बाह्य सम्पर्क प्रकोष्ठ 5- भावना प्रकाशन प्रकोष्ठ 6- संसाधन प्रबन्ध प्रकोष्ठ 7- डे-सेन्टर प्रबन्धन प्रकोष्ठ 8- शिक्षा सहायता प्रकोष्ठ 9- ग्राम्यांचल तथा निर्धन-जन सेवा प्रकोष्ठ 10- महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ 11- प्रसादम् सेवा प्रकोष्ठ 12- पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ 13- वैकल्पिक चिकित्सा प्रकोष्ठ 14- अनौपचारिक शिक्षण प्रकोष्ठ तथा 15- प्रशिक्षण गोष्ठियां एवं कार्यशालायें प्रकोष्ठ।

समिति द्वारा वर्तमान में कार्यान्वित की जा रही प्रमुख योजनाओं/कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है।

1- **शिक्षा सहायता योजना :-** इस योजना का कार्यान्वयन शिक्षा सहायता प्रकोष्ठ द्वारा किया जाता है योजना के अन्तर्गत वर्ष 2007 से निरन्तर प्रत्येक वर्ष विभिन्न स्कूलों में अध्ययनरत् गरीब एवं अति गरीब मेधावी छात्र/छात्राओं को शिक्षा सहायता प्रदान की जा रही है। कक्षा 8 के लिए प्रति शिक्षा सत्र रु. 1200, कक्षा 9 एवं 10 के लिए रु. 1800 तथा कक्षा 11 एवं 12 के लिए रु. 2000 की सहायता प्रदान की जाती है। इन छात्र/छात्राओं का चयन स्कूलों से प्राप्त विवरण के आधार पर किया जाता है तथा सहायता राशि दो समान किश्तों में स्कूलों में प्रधानाध्यापकों के माध्यम से बैंक द्वारा दी जाती है। चयनित छात्र/छात्राओं को पिछले वर्ष की परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक होता है। प्रत्येक वर्ष 100 से अधिक छात्र/छात्राओं को सहायता राशि वितरित की जा चुकी है। वर्ष 2015-16 तक विभिन्न स्कूलों के 762 छात्र/छात्राओं को रू. 10,10,000 की धनराशि वितरित की जा चुकी है तथा वर्तमान शिक्षा सत्र 2016-17 में लखनऊ के 32 स्कूलों के 130 छात्र/छात्राओं को उनके स्कूलों के माध्यम से चेक द्वारा सहायता राशि प्रदान की गयी है जिसमें कक्षा 8 तक के 92, कक्षा 9 एवं 10 के 21 तथा कक्षा 11 व 12 के 17 छात्र/छात्रायें सम्मिलित हैं। चयनित छात्र/छात्राओं में 13 नेत्रहीन बच्चे भी हैं।

गत् वर्ष कक्षा 12 की जिन छात्राओं ने शिक्षा सहायता राशि प्राप्त की थी और इस वर्ष स्नातक कक्षा में प्रवेश किया है, ऐसी दो अत्यंत मेधावी छात्राओं कुमारी ईशा सिंह, सुपुत्री श्री राजकुमार सिंह तथा कुमारी शिखा वर्मा, सुपुत्री

श्री राम कुमार वर्मा को मेरिट के आधार पर चयन कर प्रत्येक को रु. 6000 की सहायता दी गयी। यह धनराशि भावना के माननीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ल की पौत्री कुमारी आंचल भारद्वाज के सहयोग से दी गयी।

छात्र/छात्राओं को हर वर्ष भावना के स्थापना दिवस समारोह में शिक्षा सहायता की पहली किश्त की चेकें दी जाती हैं। प्रोत्साहन स्वरूप हर वर्ष इच्छुक सदस्यों द्वारा स्थापना दिवस समारोह में कई तरह के उपयोगी उपहार भी वितरित किए जाते हैं। इस वर्ष श्रीमती अर्चना गोयल एवं श्री मनोज कुमार गोयल द्वारा कापी, पेंसिल, रबर, सार्पनर आदि वस्तुओं के गिफ्ट पैकेट दिये गये तथा ब्लाइंड स्कूल के 13 बच्चों को स्टेनलेस स्टील के थाल दिए गये एवं सर्वाधिक अंक पाने वाले 5 छात्र/छात्राओं को टिफिन बॉक्स प्रदान किये गये। श्री सुशील शंकर सक्सेना, श्री जगत बिहारी अग्रवाल, श्री जितेन्द्र नाथ सरीन तथा डॉ. नरेन्द्र देव द्वारा मिलकर कक्षा 10 व 11 के 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले छात्र/छात्राओं को कलाई घड़ियां दी गई तथा कक्षा 12 के बच्चों को कैलकुलेटर दिये गये।

इस अवसर पर समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित आर.के. ग्रुप के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक श्री अजीत कुमार गुप्ता द्वारा भी सभी छात्र/छात्राओं को खूबसूरत टिफिन बॉक्स उपहार में दिये गये। श्री गुप्ता का यह कदम सराहनीय है तथा भावना उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करती है।

2- **निर्धन जन सेवा योजना :-** इस योजना का संचालन ग्राम्यांचल तथा निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ के द्वारा किया जाता है। योजना के अन्तर्गत लखनऊ तथा आसपास के क्षेत्र में प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों की सहायता से निर्धन जरूरतमंद व्यक्तियों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिक, नेत्रहीन, दिव्यांग, विधवा, निर्धन, महिलाओं आदि का चयन किया जाता है। इस प्रकार पूर्व-चिह्नित लाभार्थियों को सूचीबद्ध कर क्षेत्र के गणमान्य लोग, ग्राम-प्रधान आदि की उपस्थिति में कैम्प लगाकर नये कम्बलों, नये एवं पुराने वस्त्रों तथा अन्य उपयोगी वस्तुओं का वितरण किया जाता है। सामान्यतः यह कार्य शीत ऋतु के दौरान किया जाता है।

इस वर्ष आठ कैम्प लगाकर रु. 168750 मूल्य के 675 कम्बलों का वितरण तथा हजारों की लागत की 250 नई कमीज एवं लगभग 2000 पुराने वस्त्रों का वितरण किया गया। ये कैम्प 02 दिसम्बर, 2016 को ग्राम बटौली (ब्लॉक बीकेटी); 01 जनवरी, 2017 को ग्राम चौरा (ब्लाक सिकंदरपुर सिरोसी जिला उन्नाव); 08 जनवरी 2017 को ग्राम उसरना (ब्लॉक बीकेटी); 15 जनवरी 2017 को ग्राम लुधौनी (ब्लॉक बीकेटी); 22 जनवरी 2017 को ग्राम कठवा (ब्लॉक बीकेटी); 26 जनवरी, 2017 को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में भावना द्वारा संचालित अनौपचारिक शिक्षण केन्द्र, 29 जनवरी, 2017 को ग्राम नबीपनाह (ब्लॉक माल) एवं 06 फरवरी 2017 को महानगर डी-ब्लाक पार्क लखनऊ में भावना के कर्मठ एवं लोकप्रिय उपाध्यक्ष स्व. अरविन्द कुमार गोयल को भावभीनी श्रद्धांजलि स्वरूप आयोजित किए गए।

इन शिविरों के दौरान उपस्थित जनसमूह को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गयी ताकि इन योजनाओं का लाभ क्षेत्रीय जनता को मिल सके। यह अनुभव किया गया कि योजनाओं की जानकारी न होने के कारण सामान्य लोग लाभ से वंचित रह जाते हैं। सरल भाषा में भारतीय संविधान की उन धाराओं के बारे में भी बताया गया जिनका सीधा संबंध ग्रामवासियों से होता है। सरल भाषा में लिखी तत्संबंधी पुस्तक जागो! गणराज्य जागो!! की प्रतियां भी निःशुल्क वितरित की गई। शिविरों में स्वच्छ वातावरण, शिक्षा, भाईचारा रखने के लाभों के विषय में भी जानकारी दी गयी, तथा बिना दवाओं के अच्छी जीवन शैली अपनाकर स्वयं को स्वस्थ रखने के उपायों पर भी प्रकाश डाला गया। ये शिविर ग्रामवासियों के लिए बहुत ही लाभकारी सिद्ध हुए हैं और उनमें जागरूकता आई है।

3. **निःशुल्क विशाल चिकित्सा शिविरों के आयोजन :-** प्रत्येक वर्ष भावना द्वारा लखनऊ तथा आसपास के क्षेत्र में सभी आयु वर्ग के पुरूषों, स्त्रियों एवं बच्चों के लिए आस्था वृद्ध रोग चिकित्सालय तथा एस.सी. त्रिवेदी

मेमोरियल बाल एवं महिला चिकित्सालय के सहयोग से एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। इस शिविर में विभिन्न निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण तथा डाक्टरों के परामर्श के आधार पर निःशुल्क दवाओं का वितरण किया जाता है।

गत् वर्ष 18 दिसम्बर, 2016 को यह शिविर प्रस्तावित था किन्तु समिति के उपाध्यक्ष श्री अरविन्द कुमार गोयल के आकस्मिक निधन के कारण शिविर को निरस्त करना पड़ा। तथापि आस्था वृद्ध रोग चिकित्सालय तथा एस.सी. त्रिवेदी मेमोरियल बाल एवं महिला चिकित्सालय द्वारा इस कैम्प को पूर्व निर्धारित तिथि 18 दिसम्बर 2016 को आयोजित किया गया एवं पूर्व वर्षों की भांति निःशुल्क सेवायें प्रदान की गयी।

4- **किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय ने 'प्रसादम् सेवा' योजना :-** भावना द्वारा डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों एवं साधनहीन तीमारदारों की भोजन बनाने की समस्या के निदान हेतु 'भावना रसोई' नाम से एक योजना बनाई गई थी। इस योजना हेतु कई सदस्यों द्वारा दान की धनराशि भी उपलब्ध कराई गयी थी। भावना रसोई प्रबंधन प्रकोष्ठ के अथक प्रयासों के बावजूद अस्पताल के प्रबन्धकों से वांछित सहयोग न मिल पाने के कारण योजना को कार्यान्वित नहीं किया जा सका। इस वर्ष 'विजय श्री फाउण्डेशन' नामक स्वैच्छिक संस्था ने भावना की संस्थागत सदस्यता ग्रहण की। यह संस्था प्रसादम सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में निर्धन एवं जरूरतमंद तीमारदारों को चिन्हित कर उन्हें दोपहर का भोजन निःशुल्क उपलब्ध कराती है। भावना के कुछ सदस्यों द्वारा उनकी इस योजना का स्थल निरीक्षण किया गया और उससे प्रभावित होकर अनुशंसा की कि प्रसादम् सेवा में समिति द्वारा सहयोग प्रदान किया जाना चाहिए। फलस्वरूप भावना द्वारा प्रसादम् सेवा कार्यक्रम को अंगीकार कर लिया गया है और अब यह भावना एवं विजयश्री फाउण्डेशन का संयुक्त प्रकल्प हो गया है।

प्रसादम् सेवा हेतु आर्थिक सहयोग भावना रसोई योजना के अन्तर्गत एकत्र की गयी धनराशि से दिया जायेगा तथा सदस्यों से भविष्य में प्रसादम् सेवा हेतु दान देने की अपील की जायेगी। इस मद में जो भी दान प्राप्त होगा, वह विजयश्री फाउण्डेशन को प्रसादम् सेवा के संयुक्त संचालन हेतु उपलब्ध कराया जायेगा। उल्लेखनीय है कि विगत् दिनों में भावना द्वारा विजयश्री फाउण्डेशन को प्रसादम् सेवा हेतु रु. 20000 की धनराशि उपलब्ध कराई जा चुकी है। इसके अतिरिक्त अब तक इस मद में सदस्यों/गैर सदस्यों से दान-स्वरूप प्राप्त धनराशि, रु. 45901 भी विजयश्री फाउण्डेशन को दी जा चुकी है। भावना रसोई प्रबंधन प्रकोष्ठ का नाम भी बदलकर भावना प्रसादम् सेवा प्रकोष्ठ कर दिया गया है।

5. अनौपचारिक शिक्षण योजना :- भारत एवं भारतवासियों की समग्र प्रगति के लिए देश के उन बच्चों को साक्षर एवं संस्कारित किया जाना नितांत आवश्यक है जो अत्यंत गरीब हैं, बेसहारा हैं, लावारिस हैं तथा जिन्हें हम Street Children कह कर सम्बोधित करते हैं। इसलिए भावना द्वारा ऐसे बच्चों को साक्षर बनाने एवं उन्हें संस्कारित करने के उद्देश्य से झुग्गी-झोपड़ियों की बस्तियों में अनौपचारिक शिक्षण केन्द्रों की श्रृंखला स्थापित करने तथा संचालित करने का संकल्प लिया गया है। इस योजना के अन्तर्गत भावना द्वारा लखनऊ-बिजनौर मार्ग पर बिजली पासी किला चौराहा के समीप औरंगाबाद रेलवे क्रासिंग से महज 100 मीटर दायीं ओर मानसरोवर योजना के सेक्टर-पी में पहले अनौपचारिक शिक्षण केन्द्र की स्थापना मई, 2015 में की गयी। इस केन्द्र में 50 से अधिक बच्चे निःशुल्क शिक्षा एवं प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस केन्द्र में दो अध्यापिकाएं सेवारत हैं। इस केन्द्र का वार्षिक व्यय लगभग एक लाख रुपया आता है। भावना के पदाधिकारीगण एवं अन्य सदस्यगण समय-समय पर इस केन्द्र पर जाते हैं। 15 अगस्त एवं 26 जनवरी को स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस पर यहाँ झण्डारोहण के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं और बच्चों को फल, बिस्कुट, मिठाई एवं अन्य उपयोगी चीजों का वितरण किया जाता है। हर्ष एवं संतोष

का विषय है कि इस केन्द्र में अध्ययनरत बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि जागृत हो रही है तथा वे संस्कारवान भी हो रहे हैं।

विभिन्न नियमित विद्यालयों के छात्र/छात्राओं द्वारा संकल्प पत्रों के माध्यम से भावना के साक्षरता अभियान के प्रति संवेदनशील नागरिकों/संस्थाओं को जागरूक करने तथा उनसे आर्थिक सहयोग एकत्रित करने हेतु चलाई जा रही प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत अब तक तीन विद्यालयों-विजन एकेडमी, योगिता मान्टेसरी स्कूल तथा फ्लोरेन्स नाइटिंगेल इण्टर कालेज के सात बच्चों को पुरस्कृत किया गया है एवं इन सहित कुल 30 बच्चों को प्रशस्ति पत्र दिये गये हैं। सराहनीय कार्य हेतु तीनों विद्यालयों को भी प्रशस्ति पत्र दिये गये हैं।

6. महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ के कार्य :- महिलाओं एवं बालिकाओं के उत्थान हेतु भावना में महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ गठित है। यह प्रकोष्ठ वृद्धाश्रमों एवं बालिकाओं के स्कूलों में जरूरतमंद महिलाओं एवं बालिकाओं को सहयोग प्रदान करते हैं। विशेषकर होली, नवरात्रि, मकर संक्रान्ति, स्वतंत्रता दिवस तथा गणतंत्र दिवस के अवसरों पर खानपान एवं अन्य उपयोगी वस्तुओं का वितरण कर सहायता पहुंचायी जाती है। इस प्रकोष्ठ द्वारा समय-समय पर समिति की बैठकों एवं आयोजनों में भी मनोरंजन के कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। होली मिलन एवं नववर्ष उत्सव कार्यक्रमों में महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ द्वारा सराहनीय योगदान दिया जाता है।

7. सहयोग एवं सेवा प्रकोष्ठ के कार्य :- इस प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा भावना-सदस्यों तथा अन्य वरिष्ठ नागरिकों को आपातकालीन मदद पहुँचाने, उनसे समय-समय पर सम्पर्क स्थापित करने, उनको जन्मदिन तथा विवाह तिथि पर बधाई देने, उत्सवों एवं नववर्ष पर शुभकामनायें भेजने के कार्य किये जाते हैं, ताकि वे अकेलापन न महसूस करें। इस प्रकोष्ठ के सदस्य दिवंगत भावना-सदस्यों के परिवारों से भी बराबर सम्पर्क बनायें रखते है। पूरे लखनऊ शहर को 10 क्षेत्रों में विभक्त करते हुए प्रत्येक क्षेत्र के लिए एक-एक प्रभारी नियुक्त किया गया हैं। सभी प्रभारियों ने अपने-अपने सम्पर्क फोन अपने क्षेत्र में प्रसारित किए हुए हैं। यह प्रकोष्ठ जहां सदस्यों से जुड़कर उनकी समस्याओं के निराकरण में सहयोग करता हैं, वहीं किसी असहाय वरिष्ठ नागरिक की तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति में मदद भी करता है। आवश्यकता पड़ने पर हेल्पेज इण्डिया, अवध अस्पताल एवं आस्था अस्पताल तथा अन्य सहयोगी जनों/संस्थाओं की भी मदद ली जाती है।

8. विधि एवं आर.टी.आई. प्रकोष्ठ के कार्य :- इस प्रकोष्ठ द्वारा समय-समय पर सदस्यों को उनके जीवन में आने वाली विधिक कठिनाइयों के समाधान की जानकारी दी जाती है और वसीयत कराने पर जोर दिया जाता है। आमतौर पर पुरूष सदस्य की मृत्योपरान्त उनकी पत्नी की देखभाल पर्याप्त सम्पत्ति रहने के बावजूद उचित प्रकार से नहीं होती है और परिवार के सदस्यों द्वारा दुर्व्यवहार किया जाता है, अतएव सदस्यों को वसीयत का प्रारूप वितरित करते हुए सभी से वसीयत कराने पर जोर दिया जाता है। इस प्रकोष्ठ द्वारा इस वर्ष पाँच लोगों की वसीयत बनवाई गई।

उल्लेखनीय है कि नवम्बर, 2013 में भावना द्वारा आयोजित किए गए वरिष्ठ नागरिकों के राष्ट्रीय महा अधिवेशन में, लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा की गई अनैतिक वसूली और ऐन मौके पर अधिवेशन-स्थान बदलने के फलस्वरूप भावना को हुई क्षति की प्रतिपूर्ति हेतु जिला उपभोक्ता फोरम में वाद दायर करने, उसकी प्रभावी पैरवी करके भावना के हित में निर्णय प्राप्त करने, पुनः इस निर्णय के विरूद्ध एल.डी.ए. द्वारा राज्य आयोग में दायर अपील के विरूद्ध प्रभावी पैरवी करके भावना के हित में निर्णय प्राप्त करने में इस प्रकोष्ठ का योगदान प्रशंसनीय एवं अविस्मरणीय रहा है।

इस प्रकोष्ठ द्वारा सूचना का अधिकार कानून का सार्थक एवं सकारात्मक उपयोग करके सरकारी तंत्र उपेक्षा

के कारण जन साधारण को हो रही कठिनाइयों को दूर करने का प्रयास भी किया जाता है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के 54 जिलों की 92 तहसीलों में ग्राम न्यायालय स्थापित करने का निर्णय नवम्बर, 2015 में लिया गया था। इस निर्णय के अनुपालन की प्रक्रिया वर्ष 2016 के मध्य में तब प्रारम्भ हुई जब सूचना का अधिकार कानून के अर्न्तगत प्रकोष्ठ द्वारा प्रगति की जानकारी मुख्य सचिव तथा प्रमुख सचिव (न्याय विभाग) से माँगी गई।

9. पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ के कार्य :- स्वस्थ एवं निरोग जीवन व्यतीत करने हेतु पर्यावरण सरंक्षण का विशेष महत्व है, खासतौर से वरिष्ठ नागरिकों के लिए। इसी लिए इस प्रकोष्ठ द्वारा समय-समय पर वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु गोष्ठियाँ आयोजित की जाती है। इन गोष्ठियों के माध्यम से जनमानस में वृक्षारोपण, यज्ञ की महिमा, पॉलीथीन की थैली के बहिष्कार के साथ-साथ जल संरक्षण, ध्वनि प्रदूषण एवं खाद्य प्रदूषण आदि दूर करने के बारे में जागरूकता फैलायी जा रही है। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 06 जून, 2016 को योगाश्रम, अलीगंज, लखनऊ में भावना के अध्यक्ष माननीय विनोद कुमार शुक्ल जी की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें विशेषज्ञों ने अपने-अपने बहुमूल्य विचारों से सबको लाभान्वित किया। 17 जुलाई, 2016 को डी-ब्लाक पार्क, महानगर, लखनऊ में 150 विभिन्न उपयोगी प्रजातियों के वृक्षों का रोपण भी किया गया। भावना वृक्ष कल्याणम् तथा महानगर डी ब्लाक संघ के परस्पर सहयोग से यह कार्य सम्पन्न हुआ। उल्लेखनीय कि ये पौधे अब स्वस्थ एवं बड़े हो गये हैं।

10. सांस्कृतिक कार्य प्रकोष्ठ के कार्य :- भावना-सदस्यों एवं उनके परिवारों के विभिन्न अवसरों पर आयोजित होने वाले सामूहिक सम्मेलनों में इस प्रकोष्ठ द्वारा मनोहरी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सरंचना एंव प्रस्तुति की जाती है। इस वर्ष 3 अप्रैल, 2016 को श्री मनोज कुमार गोयल एंव श्रीमती अर्चला गोयल के भावभीनी आत्मीय स्वागत के साथ उनके ही फार्म हाउस पर होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष 12 जनवरी, 2017 को गोयल फार्म हाउस पर ही नव-वर्ष मिलन का **कार्यक्रम भी समारोह पूर्वक आयोजित हुआ।**

11. वैकल्पिक चिकित्सा प्रकोष्ठ के कार्य :- इस प्रकोष्ठ के सचिव, डॉ. नरेन्द्र देव, द्वारा समय-समय पर सभी सदस्यों एवं आम-जनों को स्वस्थ एवं सुखी रहने के लिए गोष्ठियाँ एंव सेमिनार आयोजित कर प्रशिक्षण दिया जाता है। निर्धन-जन सेवा शिविरों में भी आम जनों को बिना दवा के कैसे स्वस्थ रहें इस की जानकारी दी जाती है। इस वर्ष उनके द्वारा जन-जन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने एवं एक्यूप्रेशर चिकित्सा-विधा का प्रशिक्षण देने के लिए आर.डी.एस.ओ. गेस्ट हाउस लखनऊ में आयुर्वेदिक रिसर्च सेन्टर, सेक्टर -21, इन्दिरा नगर में, एस.जी.पी.जी.आई. के निकट सरस्वतीपुरम में, शेखर अस्पताल के ऑडिटोरियम में, एच.ए.एल. के वी.आई.पी. गेस्ट हाउस में, आर.एस.के. डिग्री कालेज सीतापुर में, एस.एस. आरोग्य धाम लखनऊ में ए-100 मिनी हाल, इन्दिरा नगर में, जयशंकर प्रसाद सभागार में, एस.सी. इन्स्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन में तथा कृष्णा इन्स्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन में गोष्ठियाँ आयोजित की गयी एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी फोल्डर वितरित किए गये। 23 जुलाई, 2016 का आकाशवाणी के "गुड मार्निंग ऑन ए.आई.आर." कार्यक्रम में भी उनके द्वारा प्रस्तुति दी गई।

12. प्रकाशन प्रकोष्ठ के कार्य :- भावना अपने सभी सदस्यों को सूत्र में बांधे रखने के उद्देश्य से समस्त जानकारियों को सदस्यों तक पहुँचाने एवं उनमें सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से **भावना-संदेश** नामक त्रैमासिक पत्रिका का नियमित प्रकाशन पिछले 17 वर्षों से अनवरत कर रही है। इस पत्रिका के माध्यम से सभी सदस्यों को भावना द्वारा समय-समय पर किए गये कार्यक्रमों की जानकारी भी मिलती रहती है। सदस्यों द्वारा रचित साहित्य प्रकाशन भी भावना द्वारा किया जाता है। अब तक स्व. धर्मवीर सिंह की तीन पुस्तकों तथा एक डॉ. नरेन्द्र देव की स्वास्थ्य लघु-पुस्तिका का प्रकाशन भी भावना द्वारा किया जा चुका है। इस वर्ष श्री उदय भान पाण्डेय की पुस्तक **काव्य-कलश** के प्रकाशन में भावना की सहयोगी भूमिका रही है। सभी कार्य प्रकाशन प्रकोष्ठ द्वारा

ही सम्पन्न किए गए।

13. वाह्य सम्पर्क प्रकोष्ठ के कार्य :- वरिष्ठ नागरिकों के हितों को समर्पित तमाम प्रदेश-स्तरीय, राष्ट्र-स्तरीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्वैच्छिक संस्थाओं के वरिष्ठ नागरिकों के हितों को समर्पित स्थापित करने तथा निरंतर बनाए रखने का कार्य यही प्रकोष्ठ भली प्रकार कर रहा है। भावना की वेबसाइट की संरचना तथा उसका अनुरक्षण भी इसी प्रकोष्ठ के द्वारा किया जाता है।

राष्ट्रीय संस्था ISU3As का वार्षिक अधिवेशन 13 नवम्बर,, 2016 को भावना के तत्वाधान में लखनऊ में आयोजित किया गया और उसी दिन Strategies for Care-giving to Elders in India के उप-विषयों पर विभिन्न विख्यात विशेषज्ञों द्वारा प्रकाश डाला गया। सेमिनार के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति कमलेश्वर नाथ, सेवानिवृत्त न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय थे। भावना के अध्यक्ष माननीय विनोद कुमार शुक्ल ने Key-Note सम्बोधन किया। विभिन्न उप-विषयों पर प्रेजेन्टेशन देने वालों में श्री अशोक कुमार मल्होत्रा (महासचिव, भावना) श्री आर.एन. मित्तल (संरक्षक, ISU3As) डॉ. पी.के. सिन्हा (सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्साधिकारी, उ.प्र.) श्री सुशील कुमार (सेवानिवृत्त आई.ए.एस.) डॉ. अभिषेक शुक्ला (वृद्ध-रोग चिकित्सा विशेषज्ञ) एवं डॉ. नरेन्द्र देव (वैकल्पिक चिकित्सा विशेषज्ञ) प्रमुख थे। सभी वक्ताओं को स्मृति-चिन्ह से सम्मानित किया गया।

14. अतिविशिष्ट नागरिक सदस्यों का अभिनन्दन :- भावना के प्रत्येक वार्षिक महाधिवेशन में 80 वर्ष तथा उससे अधिक आयु प्राप्त कर चुके सदस्यों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता है तथा उपस्थित हुए सदस्यों का सार्वजनिक अभिनन्दन करते हुए उनके स्वस्थ एवं चैतन्य रहते हुए दीर्घ जीवन की कामना की जाती है। इस महाधिवेशन में भी ऐसे 30 सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। आज उपस्थित हुए अतिविशिष्ट सदस्यों का अभिनन्दन करते हुए मुझ सहित भावना के सभी पदाधिकारियों को अपार हर्ष एवं संतोष का अनुभव हो रहा है।

15. भावना एज-केयर होम, ग्रेटर नोएडा :- यह सूचित करते हुए मुझे अपार प्रसन्नता हो रही है कि भावना की एन.सी.आर. शाखा के अध्यक्ष, श्री अनिल कुमार शर्मा तथा उनकी टीम के सतत् प्रयासों के फलस्वरूप समिति के हित में यमुना एक्सप्रेस-वे इण्डस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (येडा) की इन्स्टीटयूशनल प्लांट योजना (ग्रेटर नोएडा के नजदीक) में ओल्ड एज होम स्थापित करने हेतु एक 3000 वर्गमीटर क्षेत्रफल का प्लाट आरक्षित हो गया है। निश्चय ही भावना एन.सी.आर. की यह एक बड़ी उपलब्धि है। इस प्लाट की कीमत रु. 17600000 है। विश्वास है कि बुजुर्गों की शारीरिक एवं मानसिक क्षमताओं के अनुकूल सभी आधुनिक सुविधाओं एवं सेवाओं से सुसज्जित Bhavana Age Care Home अगले 3-4 वर्षों में तैयार हो जायेगा। इसके निर्माण में लगभग 1 करोड़ रूपये व्यय होने का अनुमान है जिसकी व्यवस्था करना एक बड़ी चुनौती है। प्लाट के कब्जा लेने तक येडा के मांग के अनुसार भावना ने 27 लाख रुपये ब्याज पर लिये हैं। इसके भुगतान के उपरान्त अवशेष धनराशि का भुगतान 12 समान किश्तों में किया जाना है, जो अपने आप में एक चुनौती है। तैयार होने पर इसमें 75 सुसज्जित डबल-बेड वाले कक्षों में 150 बुजुर्ग रह सकेंगे। तद्नुसार प्रति व्यक्ति लागत लगभग 7 लाख रुपये आएगी। जो भी व्यक्ति इस एज-केयर होम में रहना चाहते हों वे प्रथम आगत प्रथम पावत के आधार पर प्रति व्यक्ति एक लाख रूपये का भुगतान कर होम में आरक्षण करा लें 31 मार्च तक भुगतान करने वाले सदस्य होम के संस्थापक माने जायेंगे, वे होम की प्रबन्ध समिति के सदस्य होंगे और उन्हें कुछ अतिरिक्त सुविधायें भी अनुमन्य होंगी। शेष धनराशि का भुगतान होम की प्रक्रिया प्रबन्ध समिति के निर्णय के अनुसार होगा। इस विषय में अतिरिक्त जानकारी भावना के अध्यक्ष के मोबाइल नं. 9335902137 एवं एन.सी.आर शाखा के अध्यक्ष के मोबाइल नं. 09868525057 से सम्पर्क करके प्राप्त की जा सकती है।

उक्त के अतिरिक्त मेसर्स आर.के. ग्रुप के लखनऊ मलिहाबाद क्षेत्र में बुजुर्गों के लिए एक डेडीकेटड टाउनशिप डेवलेव

करने हेतु भावना से सम्पर्क किया है। उनके अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक से लगातार वार्तायें हो रही है। और साइट का निरीक्षण भी किया जा चुका है। इस सम्बन्ध में जैसे ही अन्तिम निर्णय होगा, सभी को अवगत करा दिया जायेगा।

16. संवैधानिक दायित्व :- भावना का अपना स्वीकृत संविधान है जिसका अनुपालन पूरे अनुशासन एवं कड़ाई से किया जाता है। संविधान के अनुसार समिति की प्रबन्धकारिणी की कम से कम चार बैठकें प्रति वर्ष होनी चाहिए। गत वार्षिक महाधिवेशन के बाद से अब तक प्रबंधकारिणी की पाँच बैठकें, क्रमशः, 20 मार्च 2016, 12 जून 2016, 06 अगस्त 2016, 22 अक्टूबर, 2016 एवं 14 फरवरी 2017 को आयोजित की गयीं। 20 अगस्त 2016 को सत्रवहां स्थापना दिवस भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। और आज 05 मार्च, 2017 को सत्रहवां वार्षिक महाधिवेशन आयोजित हो रहा है। भावना अपने संविधान में समय की मांग तथा परिस्थितियों के अनुरूप अपने वार्षिक महाधिवेशन में विशिष्ट मुद्दों को सदन द्वारा अनुमोदित कराकर वांछित संशोधन भी करती आयी है।

17. वित्त सम्बन्धी आख्या :- भावना की वित्तीय आख्या आज आन्तरिक सत्र में माननीय कोषाध्यक्ष जी विस्तार से आपके समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत करेंगे और वे ही आगामी वर्ष के लिए बजट भी आपके सम्मुख रखेंगे।

18. भावना-सदस्यों की विशिष्ट उपलब्धियाँ व अनुकरणीय कार्य :- भावना-सदस्यों की निम्नलिखित उपलब्धियाँ न केवल अनुकरणीय व प्रेरणा दायक है, वरन् भावना के संकल्प गीत को पूर्णतः चरितार्थ भी करती हैः भावना की संस्थागत सदस्य संस्था, आस्था सेन्टर फॉर जेरियाट्रिक मेडीसिन, पालिएटिव केयर हॉस्पिटल, हॉस्पिस एण्ड सोशल वेलफेयर सोसाइटी, द्वारा लखनऊ में संचालित आस्था वृद्ध-रोग चिकित्सालय को देश का सर्वश्रेष्ठ वृद्ध-रोग चिकित्सालय घोषित करते हुए उसके संचालक, **डॉ. अभिषेक शुक्ला** को महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया। भावना की त्रैमासिक पत्रिका **भावना-संदेश** की सह-सम्पादक, प्रो. अवनीश अग्रवाल को **इन्टरनेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, द्वारा बेस्ट सिटिजन ऑफ इण्डिया अवार्ड-2016** से सम्मानित किया गया।

भावना के सांस्कृतिक कार्य प्रकोष्ठ के सदस्य, श्री उदय भान पाण्डेय 'भान' की काव्यकृति, **काव्य-कलश**, का लोकार्पण 03 जुलाई, 2016 को उ.प्र. हिन्दी संस्थान में लखनऊ की साहित्यिक संस्था नवपरिमल के अध्यक्ष, श्री मदन मोहन सिन्हा, 'मनुज' की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

भारतीय भाषा प्रतिष्ठापन राष्ट्रीय परिषद (मुम्बई) द्वारा लखनऊ में 06 नवम्बर, 2016 को दूसरा आध्यात्मिक कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में विभिन्न प्रान्तों से कुल 77 कवि आमंत्रित थे, जिनमें भावना के 5 सदस्य भी सम्मिलित थे। इनमें से श्री देवकी नन्दन 'शान्त' श्री उदयभान पाण्डेय 'भान', श्री अशोक कुमार मेहरोत्रा तथा श्री अमरनाथ को **आध्यात्मिक कवि भूषण उपाधि** से सम्मानित किया गया।

लखनऊ क्षेत्र में 2 लाख से अधिक पौधे लगवाने वाले भावना के वॉलंटियर सदस्य, **श्री चन्द्रभूषण तिवारी**, को लखनऊ दूरदर्शन के स्थापना दिवस 27 नवम्बर, 2016 के अवसर पर उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया।

राजभवन, लखनऊ में इस वर्ष 25 व 26 फरवरी को आयोजित पुष्प एंव शाक-भाजी प्रदर्शनी में निर्णायक दल में एक निर्णयकर्ता भावना के महासचिव (कार्यान्वयन), **श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह,** थे। उल्लेखनीय है कि इस प्रदेश-स्तरीय वार्षिक प्रदर्शिनी की आयोजन समिति के अध्यक्ष **महामहिम राज्यपाल** है तथा सचिव माननीय मुख्य सचिव जी हैं।

19. आगामी सत्र के कार्यक्रम :- वरिष्ठ नागरिकों के हितार्थ केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा जारी शासनादेशों मे निहित प्रावधानों को येनकेन प्रकारेण यथाशीघ्र लागू कराने के लिए भावना प्रयास करती रही है और आगे भी करेगी। प्रदेश सरकार एवं केन्द्र सरकार से वरिष्ठ नागरिकों के हित की अन्य आवश्यक व्यस्थाओं के सम्बन्ध मे भी शासनादेशों को जारी कराने के प्रयास किए जायेगें। भावना अपने 15 प्रकोष्ठों के माध्यम से जिन कार्यक्रमों को कार्यान्वित कर रही है, उन्हें आगे भी जारी रखा जाएगा। संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार अन्य विभिन्न कार्यक्रम, जो वरिष्ठ नागरिकों के हित में उचित एवं उपयोगी प्रतीत होंगे, उन्हें भी यथासम्भव लागू किया जायेगा। भावना की सभी श्रेणियों की सदस्य-संख्या बढ़ाने हेतु अभियान चलाया जाएगा।

मान्यवर, विगत दिनों भावना ने अपने सम्मानित संरक्षक सदस्य, पद्मश्री डॉ. सतीश चन्द्र राय, प्रधान सम्पादक, श्री धर्मवार सिंह, उपाध्यक्ष, श्री अरविन्द कुमार गोयल, सचिव, विधि, एवं आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, डॉ वीरेन्द्र बहादुर सिंह, आजीवन सदस्य, श्री अरविन्द कुमार कुदेशिया, सचिव, उन्नाव शाखा, श्री आनन्द प्रकाश अग्निहोत्री, आजीवन सदस्य, श्री विश्वनाथ केसरवानी, आजीवन सदस्य, श्री प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, आजीवन सदस्य, श्री सत्यप्रकाश अग्रवाल एवं आजीवन सदस्य, श्री रवीन्द्र नाथ अवस्थी, को खो दिया है। भावना के लिए यह एक अपूरणीय क्षति है, फिर भी इसे नियति का चक्र मानकर तसल्ली करने के अलावा हमारे पास अन्य कोई विकल्प नहीं है।

अन्त में सभी माननीय सदस्यों, शुभ चिन्तकों, अतिथियों से मेरा नम्र निवेदन है कि वे भावना को और अधिक गतिशील बनाने हेतु अपने निजी स्तर से जितना और जिस प्रकार से सहयोग दे सकते है, पूरे मन से भावना को अर्पित करने में संकोच न करें। इस महाधिवेशन के साथ समाप्त होने वाले सत्र में हमें सहयोग राशि के रूप में मात्र 5,31,230 रुपए ही प्राप्त हुए हैं। यह आप की ही संस्था है, आपके द्वारा संचालित है। इसके उत्थान एंव गतिशीलता से जहाँ एक ओर आपका ही कुछ न कुछ भला होने वाला है, वहीं दूसरी ओर आने वाली नई बुजुर्ग पीढ़ी भी लाभान्वित होगी। मैं भावना की प्रबंधकारिणी की ओर से तथा अपनी ओर से भी उन सभी दानदाताओं का हृदय से आभारी हूँ जिनके आर्थिक सहयोग के कारण ही हम अपने लक्ष्यों को किसी सीमा तक पूरा करने में समर्थ हो सके हैं। मैं अपने सरंक्षक मण्डल का भी सम्मान के साथ आभार व्यक्त करता हूँ जिनके मार्ग दर्शन से ही भावना की प्रगति सम्भव हो सकी है। भावना के कर्मठ अध्यक्ष, माननीय श्री विनोद कुमार शुक्ल जी, आज के मुख्य अतिथि माननीय श्री महेश चन्द्र द्विवेदी जी, सभा में उपस्थित अन्य अतिथिगण, भावना के सभी माननीय सदस्यगण एवं पदाधिकारीगण और सभी देवियों के प्रति भी मैं अभारी हूँ।

जय भावना, जय भारत!

राम लाल गुप्ता
प्रमुख महासचिव

सम्मान/पुरस्कार/प्रशस्ति

1- प्रादेशिक फल-शाक भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन 24, 25, 26 फरवरी, 2017 को राजभवन, लखनऊ में किया गया। प्रदर्शनी 1936 से राजभवन प्रांगण में निरन्तर आयोजित की जाती है। इस वर्ष प्रदर्शनी की 80वीं वर्षगांठ है। प्रदर्शनी में पूरे प्रदेश से नमूने आते हैं जिनकी जजिंग विशेषज्ञों द्वारा की जाती है। इस वर्ष जजिंग दल में भावना के विशिष्ठ सदस्य श्री वाई.पी. सिंह को आमंत्रित किया गया। श्री सिंह जिला उद्यानाधिकारी पद से सेवामुक्त विशेषज्ञ हैं।

2- भावना के सदस्य डॉ. श्रीकृष्ण अखिलेश को उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए 11 फरवरी 2017 निराला साहित्य सम्मान से अलंकृत किया गया। भावना परिवार की ओर से ढेर सारी बधाईयां।

3- भावना संदेश के प्रधान सम्पादक श्री अमरनाथ की नवीनतम कृति **'खरी-खोटी'** का लोकार्पण 5.3.17 को राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में उ.प्र. के पूर्व पुलिस महानिदेशक श्री महेश चन्द्र द्विवेदी जी के कर-कमलों से सम्पन्न हुआ।

भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति-वर्ष 2017-18 बजट प्रस्ताव

1.	वर्ष 2016-17 का अवशेष		1994443.00
	अ. बैंक में फिक्स्ड डिपाजिट- लखनऊ में-	355349.00	
	-ओबरा में	109094.00	
	ब. बचत खाते में एवं नगद अवशेष (अनुमानित)	200000.00	
	स. गाजियाबाद में ओल्ड ऐज़ होम प्रोजेक्ट हेतु दिनांक 31/03/017 को उपलब्ध धनराशि (अनुमानित)	1330000.00	
2.	100 नये आजीवन सदस्य	100x2500.00	250000.00
3.	50 नये आजीवन स्पाउस सदस्य	50x500.00	25000.00
4.	40 नये आजीवन विशिष्ट सदस्य	40x6000.00	240000.00
5.	40 नये आजीवन विशिष्ट स्पाउज सदस्य	40x1000.00	40000.00
6.	2 नये संस्थागत सदस्य	2x6000.00	12000.00
7.	5 नये ग्रामीण संस्थागत सदस्य	5x2000.00	10000.00
8.	10 नये वॉलन्टियर सदस्य	10x1500.00	15000.00
9.	भावना संदेश शुल्क एंव विज्ञापन		200000.00
10.	समिति के विभिन्न कार्यक्रमों के लिए सम्भावित दान		500000.00
11.	शिक्षा सहायता योजना के लिए सम्भावित दान		350000.00
12.	डे-केयर केन्द्र में आने वाले सदस्यों से प्राप्त शुल्क	(12x250x50)	150000.00
13.	स्थापना दिवस एंव वार्षिक अधिवेशन से प्राप्त पंजीकरण शुल्क	(100x300)	30000.00
14.	गाजियाबाद में ओल्ड ऐज होम प्रोजेक्ट हेतु सम्भावित अंशदान/दान		5000000.00
		कुल सम्भाावित आय-	**8816443.00**

प्रस्तावित व्यय रुपए में

1.	कार्यालय स्टेशनरी	75000.00
2.	टाईप/फोटोकापी	75000.00
3.	डाक टिकट/कोरियर/फैक्स	75000.00
4.	प्रचार-प्रसार सामग्री	60000.00
5.	टेलीफोन किराया	9000.00
6.	डाक रनर/चपरासी(पूर्णकालिक)	70000.00
7.	कार्यालय सहायक (पूर्णकालिक)	70000.00
8.	वार्षिक अधिवेशन पर व्यय	65000.00
9.	भावना-संदेश का प्रकाशन	70000.00
10.	मासिक विचार गोष्ठियों पर व्यय	30000.00
11.	चार्टर्ड अकाउन्टेण्ट की फीस	25000.00
12.	वेवसाइट का रख-रखाव	25000.00
13.	स्थापना दिवस एंव शिक्षा सहायता राशि वितरण समारोह पर व्यय	70000.00
14.	कार्यालय भवन किराया	0.00
15.	कार्यालय हेतु विद्युत व्यवस्था	0.00

16. डे-केयर को फर्नीश पर होना वाला व्यय			120000.00
अ. फर्नीचर		25000	
ब. टी.वी. एण्ड डी.वी.डी. प्लेयर		40000	
स. ए.सी.		30000	
द. कारपेट, परदे आदि		25000	
	कुल	**120000**	
17. डे-केयर केन्द्र के संचालन पर होने वाले व्यय			150000.00
अ. केयर टेकर कम कम्प्यूटर आपरेटर		72000.00	
ब. चपराशि/अटेन्डेण्ट		60000.00	
स. समाचार पत्र अन्य पढ़ले वाली सामग्री		12000.00	
द. विद्युत व्यय तथा अन्य आवश्यक रखरखाव के व्यय		6000.00	
		150000.00	
18. अन्य प्रकीर्ण व्यय			250000.00
		कुल व्यय	**1014000.00**

विभिन्न सेवा कार्यक्रमों पर व्यय

1. भावना सहयोग एवं सेवा	1000.00
2. भावना सेकेण्ड कैरियर	2000.00
3. भावना सांस्कृतिक प्रकोष्ठ	20000.00
4. भावना महिला सशक्तिकरण	15000.00
5. भावना सोशल सर्विस	250000.00
6. भावना आध्यात्मिक सेवायें	20000.00
7. भावना स्वास्थ्य सेवायें	80000.00
8. भावना एजूकेशन एण्ड लिटरेसी सेवायें	350000.00
9. येडा को ओल्ड ऐज होम प्रोजेक्ट हेतु खरीदी जाने वाली जमीन की किस्त का किया जाने वाला भुगतान	2875460.00
11. श्री अनिल कुमार शर्मा से लिये गये उधार की वापसी ब्याज सहित	2852680.00
योग	**6475140.00**
कुल प्रस्तावित व्यय	**7489140.00**
कुल अनुमानित बचत (8816443.00-7489140.00)	**1327303.00**

विशेषः-

1. व्यय आवश्यकतानुसार वास्तविक आय के अनुरूप कम से कम किया जायेगा।
2. प्रबंधकारिणी की बैठकों का व्यय गत वर्षों की भाँति समिति के पदाधिकारियों द्वारा बारी-बारी से वहन किया जाना प्रस्तावित है।
3. नय नए प्रस्तावित कार्यक्रमों के लिये आय के अनुरूप अतिरिक्त व्यय किया जाना भी प्रस्तावित है।
4. वर्ष 2016-17 के अनिल कुमार शर्मा से ओल्ड ऐज होम प्रोजेक्ट हेत येडा से जमीन लेने के लिये 4 प्रतिशत पर 27 लाख का लोन लिया गया है, जिससे येडा को लगभग 13.70 लाख का भुगतान दो किस्तों में किया जा चुका है।

प्रेम शंकर गौतम

Resolutions passed in BHAVANA's 17th Annual Convention on 5th March, 2017

1. Considering that the number of senior citizens (age 60+) in the country is increasing fast that will grow to 32.6 crores in 2025 and that 2/3rd of the country's elderly population is financially weak and 11% very old(age 80+) who need economic and healthcare support, and that the interests of present 10 crore senior citizens population in the country need to be looked after better both at the Centre and the States, the Convention requests the **Honorable Prime Minister of India** to create **an exclusive Ministry for Senior Citizens and to appoint a National Commission on Older Persons**. Similar organizational structure should be replicated at the state level too.

एक वैज्ञानिक के कथानुसार शरीर जहर बनाने का कारखाना है। ऐसी दशा में त्वचा, फेफड़े, आंतें और गुर्दे अपना-अपना काम बंद कर दें तो जीवन रक्षा एक क्षण के लिए भी असम्भव हो जाए। उदाहरणार्थ, मनुष्य के पसीने में, अनेक अन्य विषों के अतिरिक्त एक प्रतिशत का आधा केवल 'यूरिया' जहर होता है। इसी प्रकार मूत्र में लगभग 2% 'यूरिया' और बहुत से अन्य प्रकार के विषों का समावेश रहता है। त्वचा के छिद्र और मूत्रेन्द्रिय इन विषों को निकाल फेंकने में तनिक भी ढिलाई कर दे तो जीवन तुरन्त संकट में पड़ जाऐ और परिणामस्वरूप कुछ ही मिनटों में मनुष्य की मृत्यु भी अवश्य हो जाये। यह निश्चित है।

जल शरीर के भीतर उपस्थित दूषित द्रव्यों को घुलाकर ढीला करता है और तब उन्हें ने साथ लेकर शरीर के उत्सर्ग मार्गों द्वारा बाहर निकाल देता है। जल शरीर में प्रवेश करता है-शुद्ध और स्वच्छ, परन्तु उसमें से निकलता है वह अशुद्ध और अस्वच्छ होकर। जल केवल भोजन को शरीर के भीतर ले जाने तथा शरीर स्थित मल को बाहर ले आने का ही काम नहीं करता, अपितु वह स्वयं भी प्रबल और अत्यावश्यक जीवन तत्व है, जिसके बिना शरीर टिक नहीं सकता। शरीर में जल की स्थिति शरीर को अधिक गर्म होने से भी बचाती है।

प्रयोगों के अनुसार प्रत्येक मनुष्य की त्वचा द्वारा पसीने के रूप में फेफड़ों के श्वास-प्रश्वास द्वारा वाष्प बनकर मूत्राशय के रूप में तथा मलाशय द्वारा मल के साथ कुल मिलाकर लगभग तीन किलों जल शरीर से प्रतिदिन निकलता

है। अतः यह आवश्यक है कि जिस परिणाम में पानी नष्ट होता है, उसी परिमाण पानी ग्रहण भी करना चाहिए। उचित रीति से और यथेष्ट मात्रा में जल पीने से जीवनधारा (रक्त प्रवाह) विशुद्ध होकर, अबाध गति से अपना कार्य करने लगती है, जो एक स्वस्थशरीर के लिए नितान्त आवश्यक है।

बीमारियों में 'पानी न पीने का परहेज' कभी नहीं बताया जाता है। यह रोगों को रोकने में सहायक है। पीने का पानी रखने का स्थान स्वच्छ और सूखा रहना चाहिए। सीलन के कारण संक्रामक कीड़े पैदा होने से पीलिया जैसे अन्य रोग हो सकते हैं। मिट्टी के घड़ों को अदल-बदल कर प्रयोग करते रहें। बदले हुए घड़े को कड़ी धूप दिखाएं।

(1) मूत्र सम्बन्धी संक्रामक रोग में अधिक पानी दवा के समान है।

(2) उपवास में अधिक पानी पीना शरीर की भीतरी सतहों पर जमे विषत को निकालता है।

(3) क्रोध, शोक, बुखार, कब्ज, पीलिया, पथरी (किडनी), मोटापा, रक्तचाप, त्वचा को आकर्षक बनाने, लू लगने पर अधिक से अधिक पानी पीना आवश्यक है।

(4) रात्रि विश्राम से पूर्व पानी पीने से नींद अच्छी आती है।

(5) कब्ज रोगों की जननी है। देर से शैच आने या कई बार शौच आने का तात्पर्य यह नहीं है कि कब्ज नहीं है। बड़ी आंत में मल का कब्जा वर्षों का होता है। कब्ज से बचने या दूर करने की पानी की निम्न क्रियाएं अत्यन्त प्रभावी हैं-

(अ) भोजन से आधे घंटे पूर्व गरम पानी पीना 'कब्ज' को दूर करता है।

(क) दिन में 45 बार एक प्याला तेज गरम पानी चाय की तरह पियें।

(स) सूर्योदय से पूर्व उठने के बाद जमीन पर उकुडू बैठकर एक लीटर कुनकुना पानी घूंट-घूंट कर पियें, टहलें। ढोड़ी के मध्य बिन्दुको ऊंगली से दबाएं, फिर शौच जाएं।

(6) भोजन के साथ या पूर्व में या तुरन्त बाद पा नहीं पीना है। कब, कितना और कैसे पियें,

(अ) प्यास लगने पर भोजन से आधा घंटा पहले पानी पियें।

(ब) भोजन ग्रास तोड़ने से पूर्व अत्यधिक प्यास लगने पर स्वयं के तीन आचमन जल पियें।

(स) आहार के एक दम रूखा-सूखा होने पर, भोजन करने के मध्य दो या त घूंट पानी पियें।

(द) भोजन के एक घंटे बाद एक गिलास जल अवश्य पियें।

(य) दिन भर में संतुलित मात्रा में पानी ग्रीष्मकाल में 4 लीटर तथा शीतऋतु में 2 लीटर तक अवश्य पियें। पानी स्वच्छ, निर्मल और ताजा हो। प्रतिकूलता में उबालकर ठंडा कर पियें। फ्रिज अथवा बर्फ का ठंडा पानी न पियें।

(र) पानी कभी भी जल्दबाजी में खड़े होकर न पियें। घूंट-घूंट कर पियें। बात करते, वाहन चलाते हुए एवं लेटकर पानी न पियें।

(ल) गरम पेय दूध, काफी, चाय आदि के तुरन्त बाद या पहले पानी न पियें।

(व) ककड़ी,, खीरा, भुनी मकई, तरबूज, मेवा, मक्खन, तले पदार्थ, मूंगफली, भुने चने आदि खाकर आधा घंटे तक पानी न पियें।

उपरोक्त क्रम (6) अन्तर्गत निर्देशों का पालन न करने पर निम्न रोगों की सम्भावनाएं बनती हैं :

घबराहट, चक्कर, सिर में भारीपन या दर्द, पित्तवमन, खट्टी डकार, एसिडिटी, मुंह से बदबू, अल्सर, मुंह में छाले, पायरिया, दांत दर्द, श्वास रोग, अस्थमा, दृष्टि कमजोर, हिस्टीरिया, दिमाग की टी.वी. गंजापन, युवावस्था में सफेद बाल, डेन्ड्रफ, कब्ज, दस्त, खूनी बवासीन, बड़ी आंत का कैंसर, जोड़ों में दर्द, पथरी, लिकोरिया, अनियमित मासिक धर्म, कमर दर्द, स्वप्न दोष, आलस्य आदि।

डॉ. नरेन्द्र देव
सचिव-वैकल्पिक चिकित्सा प्रकोष्ठ,
भावना, लखनऊ

मनुष्य की पवित्र आत्मा अपनी नौकरी या व्यवसाय द्वारा प्रभु के गुण रूपी प्रकाश को प्रतिबिम्बित करती है!

-डा. जगदीश गाँधी
शिक्षाविद् एवं संस्थापक-प्रबन्धक,
सिटी मोन्टसरी स्कूल, लखनऊ

(1) शरीर को प्रकृति से पोषण मिलता है तथा जीवनीय शक्ति आत्मा से मिलती है:- पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश, और वायु इन पंचतत्वों से इस शरीर की रचना हुई है। शरीर को रोजाना पौष्टिक भोजन देकर तथा पंचतत्वों में संतुलन रखकर हम उसे लम्बी आयु तक हष्ट-पुष्ट तथा निरोग रखते है। लेकिन हम आत्मा को हर पल भोजन न देने की सबसे बड़ी भूल कर बैठते है। इस कारण से आत्मा कमजोर तथा मलिन हो जाती है। हमें यह ज्ञान होना चाहिए कि आत्मा का भोजन क्या है? आत्मा का भोजन लोक कल्याण की पवित्र भावना से अपनी नौकरी या व्यवसाय द्वारा हर पल अपनी आत्मा का विकास करके शरीर को जीवनीय शक्ति देना है। इस प्रयास से आत्मा अपने वास्तविक स्वरूप शुद्ध, दयालु तथा ईश्वरीय प्रकाश से प्रकाशित बनी रहती है। ऐसी पूर्णतया गुणात्मक आत्मा शरीर की मृत्यु के पश्चात् प्रभु मिलन की अपनी अंतिम मंजिल को प्राप्त करती है। मनुष्य द्वारा अपवित्र कार्यों द्वारा मलिन की हुई गुणविहीन कमजोर आत्मा प्रभु मिलन की अपनी अंतिम मंजिल को प्राप्त न करने के कारण युगों-युगों तक विलाप करती है।

(2) इस सृष्टि रूपी बगीचे का माली सदैव से एक है :- परमपिता परमात्मा इस सृष्टि का रचनाकार है वह अपनी प्रत्येक रचना से प्रेम करता है। परमात्मा का धर्म (कर्तव्य) लोक कल्याण है। परमात्मा के आज्ञाकारी पुत्र होने के नाते हमारा धर्म (कर्तव्य) भी लोक कल्याण ही है। प्रभु की लोक कल्याण की इच्छा तथा आज्ञा को जो व्यक्ति जान लेता है फिर उसे धरती तथा आकाश की कोई शक्ति प्रभु का कार्य करने से रोक नही सकती। सृष्टि का निर्माता या रचनाकार एक है, लेकिन सृष्टि में विभिन्न्ता और विविधता है। इस अद्भुत सृष्टि रूपी बगीचे का माली सदैव से एक ही है। सृष्टि का गतिचक्र एक सुनियोजित विधि व्यवस्था के आधार पर चल रहा है। ब्रह्माण्ड में अवस्थित विभिन्न नीहारिकाएं ग्रह-नक्षत्रादि परस्पर सहकार-संतुलन के सहारे निरन्तर परिभ्रमण विचरण करते रहते हैं। इस पृथ्वी रूपी बगीचे में विभिन्न जाति के तथा रंग-बिरंगे फूल खिले हुए हैं। हमें निष्पक्ष भाव से कलाकार(स्रष्टा) और उसकी कला (सृष्टि) में दोनों का महत्व तथा आदर देना चाहिए। यदि सृष्टि न हो तो हमारे मस्तिष्क में इस विचार का कैसे जन्म हो कि इसका कोई निर्माता भी है? यदि यह अद्भुत शरीर न हो तो आत्मा के अस्तित्व का कैसे आभास हो? सुमधुर संगीत आत्मा का भोजन है। सितार के बिना संगीत कैसे अभिव्यक्त हो सकता है? वृक्ष से शरीर को जीवन दायिनी आक्सीजन मिलती है। बीज से ही वृक्ष का जन्म होता है। बीज न हो तो वृक्ष का प्रस्फुटन क्या सम्भव हो सकता है?

(3) आत्मा का कन्वेशन परमात्मा से जुड़ा है:- जब तक परम प्रभु मनुष्य के हृदय में रहता है केवल तब तक उसकी आत्मा सुरक्षित है। जैसे ही मनुष्य अपने हृदय से परमात्मा के प्रेम को निकाल देता है और केवल भौतिक संसार से प्रेम करने लगता है वैसे ही उसकी आत्मा में धीरे-धीरे मैल जमनी शुरू हो जाती है। शरीर से सतत् कार्य-कलाप होते है और आत्मा नित्य अक्रिया में रहती है। जैसे विद्युत निष्क्रियता में है और यन्त्र क्रियाशीलता में है। आत्मा का कनेक्शन परमात्मा से जुड़ा है और शरीर का बाहरी कनेक्शन भौतिक संसार से जुड़ा हैं। शरीर का अन्तः कनेक्शन आत्मा से जुड़ा है शरीर के बाहरी कनेक्शन प्रकृति से जुड़े हुए हैं। शरीर को जीवनीय शक्ति आत्मा से मिलती है और पोषण प्रकृति से उपलब्ध होता है। मृत्यु की घटना के समय शरीर का अन्तः कनेक्शन आत्मा से टूट जाने के कारण जीवनीय शक्ति के शरीर में प्रवेश करने का द्वार बन्द हो जाता है, फिर शरीर प्रकृति से किसी

भी प्रकार का पोषण लेने में असमर्थ हो जाता है। इस कारण से देह का अन्त हो जाता है तथा विकसित आत्मा इस मृत शरीर से निकलकर दिव्य लोक में विलीन हो जाती है।

(4) परमात्मा से आत्मा कभी अलग नहीं हो सकतीः- जीवन में आत्मा और शरीर दोनों का महत्व तथा उपयोगिता है। आत्मा तना तथा शरीर फूल है। यह प्रकृति भी परमात्मा का एक विराट यन्त्र है। जैसे हमारा परमात्मा अपरिवर्तनीय है, वैसे ही हमारी आत्मा भी अपरिवर्तनीय है। सारी मानव जाति का परमात्मा आत्म-तत्व है इसीलिए हमारी आत्मा भी आत्म तत्व है। आत्म तत्व परमात्मा और आत्म-तत्व आत्मा का नित्य सबन्ध तथा योग है। हमारे परमात्मा से हमारी आत्मा कभी अलग नहीं हो सकती, वास्तविकता तो यह है कि यह शरीर जिस परमात्मा की रचना है, उस परमात्मा ने ऐसी समुचित व्यवस्था की हुई है कि इस मानव शरीर की सर्वोच्च मूल आवश्यकताएँ प्रकृति के द्वार पूरी होती रहें। प्रकृति ईश्वर की विराट रचना है, इसलिए हमें प्रकृति के संपर्क में रहना होगा तथा उसकी रक्षा करनी होगी।

(5) आत्म ऊर्जा का विशेष महत्व हैंः- शरीर कर्म का प्रतीक हैं। यह शरीर रूपी यन्त्र केवल क्रिया ही कर सकता है। जीवन में कर्म का महत्व तो है ही, लेकिन विशेष महत्व तो उस आत्म-ऊर्जा (आत्मा) का है जिसके माध्यम से शरीर द्वारा कर्म सम्पादित होते हैं। हम से भूल या असावधानी यह होती है कि हम सब शरीर के कार्यों को इतना महत्व देते हैं कि जिस आत्म-ऊर्जा (आत्मा) के द्वारा शरीर से कार्य हो रहा है, हम उसी को भूल जाते है। जीवन में यन्त्रों से हमारा लगाव हो जाता है। यंत्रों से असक्ति हो जाने के कारण जब वह टूटते और छूटते हैं तो बहुत पीड़ा होती है। हम यह भूल ही जाते हैं कि यन्त्र तो प्राकृतिक पदार्थ है। यंत्र का स्वभाव टूटना और छूटना ही है। शरीर का जीवन क्षणिक है जबकि आत्मा का जीवन अनन्त काल का है! ईश्वर आत्म तत्व है वह इन भौतिक आंखों से कभी दिखाई नहीं देता परन्तु लोक कल्याण की भावना से किये जाने वाले कार्यों में आध्यात्मिक संतुष्टि के रूप में उसे पाया जा सकता है।

(6) हमारा शरीर विनाशी तथा आत्मा अविनाशी हैः- यह शरीर भी तो संसार तथा प्रकृति से बना एक यन्त्र है। शरीर से भी जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त परिवर्तन का प्रवाह चलता ही रहता है। इस प्रवाह में शरीर यन्त्र का बहुत कुछ टूटता और छूटता रहता है। बचपन-यौवन सभी अवस्थायें आती हैं तथा छूटती चली जाती है और अन्त में शरीर की वृद्धावस्था आ जाती है और एक दिन यह शरीर का यंत्र सदैव के लिए छूट जाता है। इसी को शरीर की मृत्यु कहते हैं। यन्त्र के टूट जाने तथा छूट जाने पर विद्युत पर कोई फर्क नहीं पड़ता। यन्त्र तो विनाशी तत्व है और विद्युत है अविनाशी तत्व। शरीर विनाशी है और आत्मा अजर अमर व अविनाशी है। शरीर तथा आत्मा दोनों का अपनी-अपनी जगह महत्व तथा उपयोग है। जो व्यक्ति केवल शरीर के महत्व को ही जीवन में प्रधानता देता है, उसके जीवन में आत्मा का विस्मरण और आत्मा की उपेक्षा हो जाती है। मानव जीवन की इस सबसे बड़ी भूल के कारण जीवन हर पल अशान्ति और द्वन्द्व से घिरा रहता है। जीवन में शरीर-रूपी यन्त्र का सदुपयोग जरूर हो, लेकिन हमारा पूरा विश्वास तथा निष्ठा आत्मा में हो। केवल वही व्यक्ति इस संसार में महान है जो इस संसार में प्रत्येक प्राणी को परमात्मा का अंश मान कर लोक कल्याण में अपने प्रत्येक कार्य को अर्पित कर देता है। प्रत्येक मनुष्य में उसी एक परमात्मा की आत्मा प्रतिबिम्बित हो रही है।

(7) मनुष्य ने स्वार्थ से अपना जीवन पात्र भर रखा हैः- आज संचार माध्यमों, सूचना-क्रान्ति तथा इनोवेशन के इस नये युग में आध्यात्मिक ज्ञान को सर्व सुलभ बना दिया है। इस सर्व सुलभ ज्ञान के होते हुए भी जो व्यक्ति टीले की तरह अन्दर से स्वार्थपूर्ण मान्यताओं और धारणाओं से भरे हुए है, उनके ऊपर अध्यात्म के बिन्दु ठहर नहीं पाते। जो व्यक्ति अन्दर से गड्ढे की तरह खाली है, उनके अन्दर आध्यात्मिक ज्ञान के बिन्दु ठहर जाते है। जिन व्यक्ति के जीवन पात्रों में नीचे छिद्र है, उनमें आध्यात्मिक ज्ञान भरता हुआ नजर आता है, लेकिन बाद में पता चलता है कि पात्र में भरा हुआ जल काफी टपक गया है। मनुष्य ने स्वार्थपूर्ण मान्यताओं तथा धारणाओं से अपना

जीवन पात्र भर रखा है उसे खाली करना कठिन तो है लेकिन असम्भव नहीं है। मनुष्य का यह स्वभाव विकसित हो गया है कि वह परिवार, स्कूल तथा समाज के वातावरण से मिली स्वार्थपूर्ण मान्यताओं तथा धारणाओं से चारों ओर से घिरे रहने में सुख तथा सुरक्षा की अनुभूति करता है। यदि किसी मनुष्य में 1000 गुण हों किन्तु एक स्वार्थ का अवगुण भी आ जाये तो उस व्यक्ति के सभी 1000 गुण समाप्त हो जायेंगे और केवल स्वार्थ का अवगुण ही रह जायेगा। परामात्मा की राह में चलने के लिए शुद्ध, दयालु तथा ईश्वरीय प्रकाश से प्रकाशित हृदय धारण करने की आवश्यकता होती है।

(8) आध्यात्मिक संतुष्टि का स्वाद स्थायी है:- लोक कल्याण की भावना से अपनी नौकरी या व्यवसाय के द्वारा आत्मा का विकास किया जा सकता है। हमें अपने अन्दर गुणों की सुगन्ध ही स्थायी आध्यात्मिक संतुष्टि प्रदान करती है। आध्यात्मिक संतुष्टि की स्वानुभूति (स्वंय की अनूभूति) का स्वाद ही स्थायी होता है। अवतार राम, कृष्ण, महावीर, बुद्ध, ईसा, मोहम्मद, नानक, बहाउल्लाह, तथा अनेक महापुरूष संसार के अज्ञान रूपी अन्धकार में जलते हुए दीपक की तरह हैं। जैसे अवतारों तथा महापुरूषों के अन्दर के बीज वृक्ष बना, ऐसे ही हम भी अपने अन्दर के बीज को अंकुरित होने दे, वृक्ष बनने दें। एक झोली में फूल भरे हैं एक झोली में कांटे। कोई कारण होगा? इसका एक ही कारण है कि जो मनुष्य अपनी आत्मा के विकास के विचार के साथ प्रभु की शरण में जाता है उसकी झोली परमात्मा अपने गुणों रूपी फलों से भर देता है। जो व्यक्ति अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए परमात्मा का विरोधी बनता है उसकी झोली अवगुण रूपी कांटो से भर जाती है।

(9) जो प्रभु का आज्ञापालक है तो वह प्रभु के प्रकाश को प्रतिबिम्बित करेगा:- बहाई धर्म के संस्थापक बहाउल्लाह कहते हैं कि आत्मा की प्रकृति के सम्बन्ध में हमें यह जानना चाहिए कि यह ईश्वर का एक चिह्न है, यह वह दिव्य रत्न है जिसकी वास्तविकता को समझ पाने में ज्ञानीजन भी असमर्थ रहे हैं और जिसका रहस्य किसी भी मस्तिष्क की समझ से परे है, चाहे वह कितना भी तीक्ष्ण क्यों न हो। मनुष्य ही प्रभु की श्रेष्ठता की घोषणा करने में सभी सृजित वस्तुओं में प्रथम है, वह प्रभु की ज्योति को पहचानने में प्रथम है, वह प्रभु के सत्य को मानने में प्रथम है और वह प्रभु के समक्ष नतमस्तक होने में प्रथम है। मनुष्य यदि प्रभु का आज्ञापालक है तो वह प्रभु के प्रकाश को अपने कार्य-कलापों द्वार प्रतिबिम्बत करेगा और मृत्यु के पश्चात् उसकी आत्मा उसी दिव्य प्रकाश में समाहित हो जायेगी। यदि कोई मनुष्य अपनी आत्मा का विकास न करके प्रभु से तादात्म्य स्थापित करने में असमर्थ रहता है तो यह स्वार्थ और वासना का शिकार बनेगा और अन्त में उन्हीं गहाराईयों में डूब कर रह जायेगा।

(10) महान उद्देश्य के लिए शरीर, प्रकृति तथा आत्मा जैसे तीन अनमोल उपहार हमें मिले है:- ये शक्तियाँ जिनसे कि दिव्य कृपा तथा दैविक विवेक के स्त्रोत महाप्रभु ने मानव को अस्तित्व प्रदान किया है उसमें वैसे ही अर्न्तनिहित है जैसे मोमबत्ती के अन्दर उसकी लौ छिपी रहती है और दीप के अन्दर प्रकाश संसारिक इच्छाओं के कारण इन शक्तियों की चमक छिपी रह सकती है, जैसे आइने पर जमी धूल सूर्य के प्रकाश को प्रतिबिम्बत नहीं होने देती है। न तो मोमबत्ती और न ही दीप बिना बाहरी सहायता के स्वयं जल सकते है, न ही आइने के लिये यह संभव है कि वह स्वयं अपने ऊपर पड़ी धूल झाड़ ले। यह स्पष्ट और प्रमाणित है कि जब तक अग्नि प्रज्जवलित नहीं कि जाती जब तक दीप नहीं जल सकता और तब तक आइने के ऊपर झाड़ पोंछ नहीं की जाती तब तक सूर्य न तो प्रतिबिम्बत हो सकता है और न ही इसकी रोशनी का प्रकाश चमक सकता है। प्रभु के अवतार कृष्ण, बुद्ध, ईसा, मोहम्मद, नानक, बहाउल्लाह एंव उनके द्वारा प्रगटित ग्रंथ गीता, त्रिपटक, बाईबिल, कुरान, गुरू-ग्रंथ साहिब, किताबें-अकदस ही हमारे सच्चे गुरू होते है, जो हमें ईश्वर का अर्थात ईश्वर की शिक्षाओं को ज्ञान कराते हैं और उन पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। परमात्मा की शिक्षाओं को इन पवित्र ग्रन्थों से जानना और उन शिक्षाओं पर दृढ़तापूर्वक चलना हमारे जीवन का महान उद्देश्य है।

उ.प्र. के राज्य कर्मचारियों/पेंशनर्स की कैशलेस चिकित्सा

उ.प्र. के राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु उ.प्र. शासन ने शासनादेश संख्या-रा.स्वा.बी.यो./पत्रा-444/2016-17/42 दि. 12 जनवरी 2017 निर्गत कर दिया है। यह सुविधा 01 मई, 2017 से प्राप्त किए जाने की घोषणा की गई है। इसके लिए प्रत्येक कर्मचारी/पेंशनर को हेल्थ कार्ड बनवाना पड़ेगा। निम्नलिखित प्रपत्रों को भरकर उसे अपने आहरण वितरण अधिकारी अथवा पेंशनर्स को कोषाधिकारी को प्रस्तुत करना होगा। उ.प्र. के राज्य कर्मचारियों और रिटायर्ड कर्मचारियों को असाध्य और गंभीर बीमारियों के कैशलेस इलाज की सुविधा एक मई से मिलनी शुरू हो जाएगी। इसके लिए चिकित्सा नियमावली में संशोधन कर दिया गया है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी ने शुक्रवार को दारूलशफा में प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि स्टेट हेल्थ कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि अपर मुख्य सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अरुण कुमार सिन्हा ने योजना प्रदेश में लागू करने के आदेश दे दिए हैं। इसके लिए हर महीने सभी विभाग इसकी समीक्षा करेंगे। तिवारी ने बताया कि इस सुविधा के लिए उनका संगठन 2013 से धरना और प्रदर्शन कर रहा था।

ऐसे बनेगा हेल्थ कार्ड

प्रदेश में 12 लाख कर्मचारी, 2 लाख अधिकारी और 8 लाख पेंशनर्स है। कैशलेस योजना से उन सभी को सीधे लाभ मिलेगा। इसके लिए कर्मचारी अपना आवेदन, जिले के आहरण वितरण अधिकारी-डीडीओ के माध्यम से वेरिफाई कराकर कर सकते हैं। रिटायर्ड कर्मचारी जिले के कोषाधिकारी के माध्यम से वेरिफाई कराकर कार्ड बनवा सकते हैं। आवेदन ऑनलाइन भी जमा किए जा सकते हैं। इस योजना के लिए 'स्टेट एजेन्सी फॉर काम्प्रीहेन्सिव हेल्थ इंश्योरेंस (SACHI) को शासन की ओर से ऑथराइज्ड किया गया है।

इन बीमारियों में मिलेगी सुविधा

इस योजना में कैंसर हृदय रोग, डायलिसिस, किडनी, लिवीर, घुटने, कूल्हे, कार्निया का ट्रांसप्लांट संभव है। इसके साथ ही एक्यूट कोरोनरी सिन्ड्रोम, इन्फार्कशन, अनस्टेबल, इन्जाइमा, वेन्ट्रीक्यूलर, पीएटी, कार्डियक टैम्पोनाड, एक्यूट लेफ्ट वेन्ट्रिक्यूलर फेल्यरोर, एएलवीएफ, सिवीयर, कन्जेसिस्टव, कार्डियक फेल्योर, एक्सलरेटेड हाइपरटेंशन कम्प्लीट हार्ट ब्लॉक, स्टोक्स एडम अटैक, एक्यूट एओर्टिक डिसेक्शन का भी कैशलेस इलाज संभव होगा। इस कड़ी में एक्यूट लिंब इस्बीमिया, रप्चर ऑफ एन्यूरिस्म, मेडिकल तथा सर्जिकल शॉक, पेरिफेरल सरकुलेटरी फल्योर, सेरिबोवैस्कुलर अटैक, स्ट्रोक, सडेन, अन-कॉन्शसनेस, हेड इन्जीर रेस्पीरेटरी फेल्योर, डिकम्सेटेड लंग डिसीस सेरिब्रो मेनिन्जीयल, इन्फेक्शन, कन्फेक्शन, कन्वलशन, एक्यूट, पैरोलिसिस, एक्यूट विसुयल लॉस, एक्यूट एब्डार्मिनल पेन का इलाज किया जा सकेगा। इसके साथ ही सभी प्रकार की दुर्घटनाएं, हिमोरेज एक्यूट, ऑबट्रिक एण्ड गाइनोकॉलाजिकल एमरजेन्सी, इलेक्ट्रिक शॉक, जीवन के लिए घातक कोई अन्य दशा का इलाज भी कैशलेस में शामिल होगा।

सौजन्य से : एनबीटी, दि. 4.3.17

विश्व में आसमान छूती मूर्तियां

स्टेच्यू ऑफ यूनिटी (सरदार पटेल की मूर्ति), गुजरात, ऊंचाई- 182 मीटर (प्रस्तावित)
स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी (शान्ति की देवी), न्यूयार्क, अमेरिका, ऊंचाई-93 मीटर (स्थापित-1986)
स्प्रिंग टैंपल बुद्धा - (भगवान बुद्ध की मूर्ति), लुसान कंट्री, हेनान, चीन, ऊंचाई-153 मीटर, स्थापित-2002
द मदरलैंड काल्स (मातृ देवी) वोल्गोग्रैंड, रूस, ऊंचाई-85 मीटर, स्थापित-1967
उशिकू दायबुल्स-(भगवान बुद्ध की मूर्ति), उशिकू, जापान, ऊंचाई-100 मीटर, स्थापित-1995
क्राइस्ट द रीडीमर (ईसा मसीह की मूर्ति), रियो डी जिनेरिया, ब्राजील, ऊंचाई-19.6 मीटर, स्थापित-1931

कैशलेस इलाज के लिए एक मई तक रजिस्ट्रेशन

राज्य कर्मचारियों, पेंशनर्स और उनके परिवार के आश्रितों को असाध्य व आपातकालीन बीमारियों में राज्य सरकार द्वारा कैशलेस चिकित्सा उपलब्ध कराए जाने की स्कीम एक मई से शुरू हो रही है।

राज्य कर्मचारी कैशलेस उपचार योजना (एसईसीटीएस) के तहत राज्य कर्मचारियों व पेंशनर्स को यह सेवा सरकार द्वारा अनुबंधित सी.जी.एच.एस. (सेंट्रलय गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम) निजी चिकित्सालयों में उपलब्ध कराई जाएगी। इन अस्पतालों में आपातकालीन और असाध्य रोगों का कैशलेस इलाज सभी राज्य कर्मचारियों और पेंशन धारकों को मिलेगा। वेबसाइट www.upsects.i- पर लॉग इन करें। इम्प्लाय गेटवे पर क्लिक करें। एप्लाई फॉर एसएचसी पर जाएं। रजिस्ट्रेशन फार्म खुलेगा। उसमें अपने जानकारियां भर कर सब्मिट कर दें। इसमें आधार कार्ड नम्बर, पीपीओ, स्वयं और आश्रितों की स्कैन फोटो, कलेक्ट्रेट कोषागार लखनऊ का कोड-4300 भरना होगा।

एक मई तक करें आवेदन :- मुख्य कोषाधिकारी संजय सिंह ने बताया कि कैशलेस इलाज की सुविधा के लिए राज्य पेंशनधारकों को अपना ऑनलाइन पंजीकरण वेबसाइट www.upsects.i- एक मई से पहले करना होगा। रजिस्ट्रेशन के बाद आहरण वितरण अधिकारी व कोषाधिकारी द्वारा फार्म सत्यापित किया जाएगा।

Application form for State Health Card/राज्य स्वास्थ्य कार्ड हेतु आवेदन

(शासनादेश संख्या-रा.स्वा.बी.यो./पत्रा-444/2016-17/42 लखनऊ : दिनांक 12 जनवरी 2017)

कर्मचारी/पेंशनर का विवरण

Department Name	विभाग का नाम .....
Office District	कार्यालय का जनपद .....
DDO code or Treasury code	डी.डी.ओ. कोड या ट्रेजरी कोड .....
Office Name	कार्यालय का नाम .....
Applicants Name	आवेदक का नाम .....
Date of Birth	जन्म तिथि .....
Card Type (serving or pensioner)	कार्ड का प्रकार (सेवारत या पेंशनर) .....
Present or Last Post	वर्तमान या अन्तिम पदनाम .....
Present or Last Basic Pay	वर्तमान या अंतिम मूल वेतन .....
Mobile Number	मोबाइल नं. .....
E-mail ID	ई-मेल .....
Aadhar No.	आधार नं. .....
Address for Correspondence	पत्र-व्यवहार का पता .....

Details of Dependent's (लाभार्थी के आश्रितों का विवरण)

(शासनादेश संख्या-रा.स्वा.बी.यो./पत्र-444/2016-17/42 लखनऊ दिनांक : 12 जनवरी 2017)

प्रार्थी आश्रित माता/पिता, पत्नी, 25 वर्ष से कम बेरोजगार पुत्र, अविवाहित पुत्री एवं अन्य आश्रित (यदि कोई हो) का विवरण दें। Applicant should fill details of Father/Mother, Wife, Son (less than 25 yeaers age). Unmarried daughter and other dependents (if any).

S.N. क्रम संख्या	Name नाम	Date of Birth जन्म तिथि	Relation रिश्ता	Aadhar No. आधार नं.	Photo फोटो

बुजुर्गों के बारे में भी सोचिए

हाल में ब्रिटेन और अमेरिका में कई ऐसी रिपोर्ट आई है जिसमें कहा गया है कि संसार के प्रायः सभी देशों में बुजुर्गों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इन रिपोर्टों के अनुसार 2050 में संसार के संपन्न देशों में ऐसी बुजुर्गों की संख्या जिनकी उम्र 80 वर्ष से अधिक होगी, दोगुनी हो जाएगी। आज संसार की जनसंख्या में उनका हिस्सा चार प्रतिशत है, परंतु 2050 में वह बढ़कर दस प्रतिशत हो जाएगा। इसका एक मुख्य कारण यह है कि आज औसत आयु पहले से बढ़ गई है और स्वास्थ्य सेवाएं भी बेहतर हुई है। प्रायः सभी देशों में ऐसे बुजुर्गों की संख्या भी बढ़ रही है जो गंभीर बीमरियों से ग्रसित है। इन बीमारियों में एक प्रमुख बीमारी 'अल्जाइमर्स' है। इस बीमारी के शिकार व्यक्ति का शरीर का कोई एक अंग 24 घंटे कांपता रहता है। दुनिया में अभी तक इस बीमारी का कारगर इलाज नहीं मिल पाया है। अन्य दूसरे बुजुर्ग हृदय रोग और हड्डिया की गंभीर बीमारियों से पीड़ित होते हैं। उन्हें हर तरह की सहायता की दिन-रात जरूरत होती है, पर सभी देशों में इतनी सुविधा नहीं कि वे इन बुजुर्गों को लंबी अवध तक अस्पतालों में रख सकें। इस के समाधान के लिए पश्चिम के कुछ देशों के साथ जापान ने एक रास्ता 'केयर होम' के तौर पर निकाला है।

यह पाया गया है कि संपन्न देशों मे जो बुजुर्ग अस्पताल में भर्ती होते हैं वे जल्दी वहां से हटने का नाम नहीं लेते। इन बुजुर्ग मरीजों क रिश्तेदार भी यही चाहते हैं कि उनका जितनी लंबी अवधि तक अस्पताल में इलाज हो सकें किया जाए। एक तो अस्पतालों के लिए ऐसा करना सम्भव नहीं और दूसरे, इसमें खर्च भी बहुत अधिक आता है। यही सोचकर, 'केयर होम' की सुविधा सम्पन्न देशों में शुरू की गई। बुजुर्गों मरीजों को इस बात के लिए प्रोत्साहित किया जाता हैं कि वे अस्पताल के बजाय 'केयर होम' में रहें। प्रतिदिन 'वीडियो कांफ्रेसिंग' के माध्यम से अस्पतालों के डॉक्टर या नर्स उनसे दिन मे दो-तीन बार पूछती रहती हैं कि उन्होंने अमुक दवाई ली या नहीं? दरअसल तकनीक इतनी बढ़ गई है कि रिमोट कंट्रोल द्वारा आदमी फ्रिज खोल सकता है या कमरे का तापमान एडजस्ट कर सकता है। यदि कोई किसी बुजुर्ग मरीज की दिन में एक-दो बार खोज-खबर ले ले उन्हें बहुत सुकून मिलता है। इसके बावजूद इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि बुजुर्ग मरीजों की यह इच्छा रहती है कि उनके परिवार के सदस्य ही बुढ़ापे में उनकी देखभाल करें। ब्राजील, भारत और अन्य एशियाई देशों में ऐसी ही लालसा रहती है, परंतु यह हमेशा संभव नहीं हो पाता। आर्थिक कठिनाइयों के कारण परिवार के युवा सदस्यों को गांव देहात से निकलकर शहरों में जाना पड़ता है जहां पति-पत्नी, दोनों कोई न कोई नौकरी करते है। उन्हें इतना समय नहीं मिलता है और न इतनी सुविधा होती है कि वे बुजुर्ग मां-बाप की देखभान कर सकें। इस कारण भी अब बूढ़े माता-पिता को लोग 'ओल्डएज होम' में छोड़ देते हैं। और समय-समय पर उनसे मिलने जाते रहते है, लेकिन इन ओल्डएज होम में ये बुजुर्ग अपने को असहाय महसूस करते है। यह भी देखा गया है कि अमेरिका जैसे देश में नस्लभेद के कारण एशियाई मूल बुजुर्गों के साथ ओल्डऐज होम में भलीभाँति देखरेख नहीं होती। परिणामस्वरूप समुचित देखभाल के अभाव में वे जल्दी ही दम तोड़ देते हैं। अब तो **ओल्ड एज होम** की प्रथा भारत में भी चल पड़ी है। बुजुर्गों की सबसे बुरी हालत चीन में है। जहां वहां 'वन चाइल्ड पालिसी' अपनाई गई तो परिणाम यह हुआ कि बुजुर्गों की संख्या बहुत अधिक बढ़ गई। आज चीन में छह में से एक व्यक्ति 60 वर्ष से अधिक उम्र का है। 2025 में हर चार में से एक चीनी बुजुर्ग होगा। चीन में तमाम बुजुर्ग 'डिमेंसिया' नामक बीमारी से पीड़ित हैं। दस रोग से पीड़ित व्यक्ति हर पुरानी बात को याद करता है, परंतु चन्द क्षणों पहले किए गए काम को भूल जाता है। दुर्भाग्यवश चीन का समाज और वहां की सरकार बुजुर्गों समुचित ध्यान नहीं रख पा रही है। भारत में भी बुजुर्ग लंबी उम्र होने के कारण अपने को असहाय महसूस करते हैं। सरकार चाहकर भी स्वास्थ्य सेवाओं पर बहुत अधिक ध्यान नहीं दे पाती है। अपने यहां गांव-देहात में स्वास्थ्य सेवाएं नहीं के बराबर हैं। यह एक गंभीर समस्या है जिस पर केंद्र और राज्य सरकारों के साथ समाज को भी गंभीरता से सोचना होगा। हर व्यक्ति को यह ध्यान रखना होगा कि वह भी बूढ़ा अवश्य होगा। यदि आज बूढ़ों की स्वास्थ्य समस्याओं के साथ-साथ उनकी देखभाल पर ध्यान नहीं दिया गया तो जब वे बूढ़े होंगे तब उनका कौन ख्याल रखेगा? डर है कि कहीं चीन की तरह भारत में भी बुजुर्ग उपेक्षा का शिकार न हों? यह ठीक है कि आज हम युवा देश हैं, लेकिन समझदारी इसी में है कि अभी से इसकी चिंता करें कि अपने बुजुर्गों की सही तरह से देख-रेख कैसे हो? ऐसा इसलिए और आवश्यक है क्योंकि समय के साथ पारिवारिक मूल्य भी छिन रहे है।

डॉ. गौरी शंकर राजहंस, (लेखक पूर्व सांसद एवं पूर्व राजदूत हैं।)

नव-वर्ष

आपको नव-वर्ष की शुभकामना स्वीकार हो,
स्वस्थ हो तन और मन में भी न कोई विकार हो,।
भावनाओं की ज़मीं शुचिता से सीचीं जाय अब,
आदमी का आदमी से प्यार का व्यवहार हो।।

नीर नदियों मे सदा अमृत सा ही बहता रहे,
आपके श्रम की कथा इस देश की उन्नति कहे।
फसलें हो भरपूर भर जायें सुनो भण्डार सब,
माँ का कोई लाल भूखा और नंगा ना रहे।।
चुनरी धानी ओढ़ाकर धरा का श्रृंगार हो..

धर्म मानो कोई भी पर देशवासी ही रहो,
कोई पूँछे अपने को भारत का वासी ही कहो।
देश-हित की भावना का उच्चतम स्थान हो,
और अधिकारों के संग कर्तव्य में भी रत रहो।।
बीच में इक दूजे के नफरत की ना दीवार हो..

मस्जिदों में हो अज़ाने, मंदिरों में भजन,
शबद गुरूद्वारों में गूँजें, चर्च में यीशू-नमन।
ना कोई दुर्भावना हो एक दूजे के लिये,
भक्ति का माहौल हो, कायम रहे चैन-ओ-अमन।।
एक ही मकसद है जब, फिर क्यूँ कोई तकरार हो...

आ रहा जो वर्ष उसमें हर्ष हो उत्कर्ष हो,
सहजता का भाव ही, हर एक का आदर्श हो।
गर हुआ है अर्श तो पाँव जमी पर ही रहे,
वास्ते हर बात के, स्वस्थ्य विचार-विमर्श हो।।
कर्म-पथ पर बढ़ चलो बस जीत हो या हार हो...

अशोक कुमार मेहरोत्रा
सदस्य 'भावना'
सदस्य सांस्कृतिक प्रकोष्ठ

नववर्ष 2017 एक वन्दना

मन में एक अभिलाषा लिये, चरण पड़ा रघुबीर
नववर्ष मंगलमय हो सभी को, विनती सुन ले बलबीर
भावना परिवार सदा सुखी रहे, क्या वृद्ध क्या तरुणाई
साल दर साल यूंही जश्न मनावे, पल-पल हो सुखदाई
हर लेना सबकी पीर तेरे चरण पडा रघुबीर
नववर्ष मंगलमय हो सभी को, विनती सुन ले बलबीर
भावना के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हम आज
नित-नित नई ऊँचाई यह चूमे प्रभु रखना हमारी लाज
अजर-अमर रहे हमारी भावना, प्रभु करो ऐसी तदबीर
तेरे चरण पड़ा रघुबीर, तेरे चरण पड़ा रघुबीर
नववर्ष मंगलमय हो सभी हो, विनती सुन ले बलबीर
सभी जनों में प्यार हम बांटे, वाणी हरे सबकी पीर
दुखी जनों की सेवा करते थके न कभी यह शरीर
प्रभु कुछ ऐसी बनाना, हमारे हाथों की लकीर
तेरे चरण पड़ा रघुबीर, तेरे चरण पड़ा रघुबीर
नववर्ष मंगलमय हो सभी को, विनती सुन ले बलबीर
परोपकार की लाठी पकड़ हम हों भवसागर से पार
निःशक्त, निःसहाय जनों की सेवा करें हम, करना यह उपकार
हम को शक्ति देना रघुबीर तेरे चरण पड़ा रघुबीर
नववर्ष मंगल मय हो सभी को विनती सुन ले बलबीर
मन में यही अभिलाषा लिये, तेरे चरण पड़ा रघुबीर

सुशील शंकर सक्सेना
वरिष्ठ उपाध्यक्ष,
भावना



फागुन-रुतरू विरह गीत

फागुन-रुत आई मतवाली।
अजहूँ न आये साजन आली।।
ये फागुन भी जाये न ख़ाली।
अजहूँ न आये साजन आली।।

सरसों फूली अमवा बौरे।
फूलों पर मँडरायें भौरे।।
कोयल गाये डाली-डाली।
अजहूँ न आये साजन आली।।

हुरियारे बन-ठन कर आयें।
रंग-अबीर-गुलाल उड़ायें।।
नाचें सब मिलि दे-दे ताली।
अजहूँ न आये साजन आली।।

सजन बिना फागुन ना भाये।
'भान', अगन तन-मन झुलसाये।।
सूख गई होठों की लाली।
अजहूँ न आये साजन आली।।
बाट निहारें नयन सवाली।
अजहूँ न आये साजन आली।।

- उदय भान पाण्डेय 'भान'

होली

चाँदी का दिवस आज,
रात आज सोने की
मनचाही चाहों की
मन चाही होने की।
उषा से सुबह-सुबह सोये हुए सूर्य पर
चुपके से डाल दिया लाल रंग थाल पर
और लगी कहने यों आर लिये कोने की
चाँदी का दिवस आज रात आज सोने की
चाँदी का दिवस आज रात आज सोने की
नभ का यह दृश्य देख चहकी विहंगावली
महकी हर कली, बहेकी भ्रमरावली
गली शल होड़ लगी भीगते भिगोने की
चाँदी का दिवस आज रात आज सोने की
ऐसे में रूठें मत खेलो खुल आज तो
तोड़ो यह निठुर मौन छोड़ो यह लाज तो
लगने दो प्रेम रंग जल्दी क्या धोने की
चाँदी का दिवस आज रात आज सोने की

श्री हरीश चन्द्र शुक्ल जी द्वारा गायन

(इन्द्रधनुष से साभार)
लेखक : स्व. श्री भगवानदास शुक्ल
रि.ए.डी.एम. (जे.)



डॉ. राम स्वरूप दीक्षित

वे जन जिन्होंने अनेक दशकों तक, सेवा की देश-समाज की।
पर नित्य घटती शारीरिक क्षमता, बनी विशिष्टता आज की।।
वर्तमान प्रगतिशील संदर्भ में, वे घिर गये अकेलेपन में।
जो गतिविधियों के केन्द्र रहे, अब नकारात्मक उपजी मन में।।1।।
सबको अपने में समेटे, प्रबल धारा जो निरन्तर बही।।
अलग-थलग पड़ गई आज, मानो उसका अस्तित्व नहीं।।
सामान्य धारणा-अन्तर्गत, थे जो अतरिक्त जिम्मेदारी परिवार की।
वही वरिष्ठजन एक-एक ग्यारह, बन गये 'भावना' समाज की।।2।।
अगस्त दो हजार में लखनऊ नगर ने, वरिष्ठ भावनाओं को प्रेरित किया।
परिणामस्वरूप एक संस्था, 'भावना' का श्री गणेश किया।।
वरिष्ठजनों की भावना के उद्गार स्वरूप 'भावना' अस्तित्व में आई।
लखनऊ नगर में यह संस्था, 'भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति' कहलाई।।
वरिष्ठजनों के समग्र कल्याण हेतु, हुई 'भावना' अवतरित।
स्वावलम्बन, सहयोग, सहिष्णुता, सेवा हेतु समर्पित।।
कार्यक्षेत्र बन गया नगर ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण भारत।
प्रथम प्राथमिकता में जुड़ गये सभी, जो जाने जाते थे आरत।।4।।
और 'भावना' ने निर्बल वर्ग[1], हितों के अनुरूप भी बनाये कार्यक्रम।
अरु कार्यक्रमों के सफल बनाने हेतु, किया अथक परिश्रम।
विकृत मानसिकता नष्ट कर, 'भावना' ने भरी अपरिमित शक्ति।
अब वरिष्ठजनों के प्रति सबमें, होने लगी है स्नेहभक्ति।।5।।
और युवा भी वरिष्ठजनों की, समस्याओं के प्रति हुए जागृत।
संवेदनशीलता उत्पन्न हुई उनमें, अरु कार्यों हेतु हुए प्रेरित।
अब 'भावना' मात्र वरिष्ठजन हित, तक ही रही नहीं सीमिति।
क्योंकि वरिष्ठजनों में उसने, भर दी है शक्ति अपरिमित।।6।।
और उन्हें सक्रिय बना, समाज की मुख्यधारा से दिया जोड़।
समाज हितार्थ कार्य करने में, सदस्यों में लग गई होड़।।
ग्यारह वर्षों से सक्रिय 'भावना' घर कर गई विविध वर्गों में।
और उन्होंने उसका लिखा, इतिहास कई सर्गों[2] में।।7।।
'भावना-सन्देश' एक सूत्र में बांध, करे सकारात्मक ऊर्जा प्रवाह।
समाज की मुख्य धारा में आ वरिष्ठ करें, प्रसन्न-स्वस्थ-सम्मान प्रद जीवन निर्वाह।।
देश-समाज हितार्थ, 'भावना' ने की नष्ट विकृति है।
अब 'भावना' मात्र संस्था ही नहीं, अपितु एक संस्कृति है।।8।।

1- निर्बल वर्ग : यथा निराश्रित महिलाएं, बच्चे, विकलांग।
2- सर्गों : यथा कम्पैनियनशिप, हेल्पलाइन और स्वास्थ्य सेवा, अध्यात्मिक सेवा, ग्राम्यांचल सेवा, दरिद्र एवं समाज सेवा।

अरविन्द कुमार गोयल एक श्रद्धाजंलि

एक तारा था नम में, न जाने कैसे वह डूब गया
भावना रूपी आकाश से, अनायाश ही वह टूट गया

जगमग करता था, रोशनी उसकी न्यारी थी
सरल स्वभाव का था वह, मृदुल उसकी वाणी थी
काम करने की उसकी अदा, सबको अति प्यारी थी
कहाँ चूक हो गयी हमसे, साथ जो उसका छूट गया

एक तारा था नम में, न जाने कैसे वह डूब गया
भावना रूपी आकाश से, अनायास की वह टूट गया

वैसे तो जग में आवा-जाही चलती है
कर्मयोगी के जाने पर, कमी बहुत ही खलती है
वह कर्मयोगी था, हम सबने ऐसा माना है
भावना का था एक स्तम्भ कालचक्र में जो टूट गया

एक तारा था नम में न जाने कैसे डूब गया
भावना रूपी आकाश से, अनायाश की वह टूट गया

अरविन्द तुम अमर हुये, हर दिल में यादें छोड़गये
हम सबका है संकल्प यही,
पूरे करेंगे, काम अधूरा जो छोड़ गये
यकीं दिलाते है तुमको, व्यर्थ न जायेगा श्रम तुम्हारा
पूर्ण करेंगे हर वह सपना बीच ही में जो टूट गया

एक तारा था नम में न जाने कैसे डूब गया
भावना रूपी आकाश से, अनायास की वह टूट गया

भावना तुमको क्या दे सकती है, माँग रही यह वरदान
शक्ति प्रदान करे तुम्हारी आत्मा को जगपालक भगवान

अरविन्द गोयल तुम्हारी याद बहुत आयेगी
''भावना'' तुम्हें कमी न भूल पायेगी

सुशील शंकर सक्सेना
वरिष्ठ उपाध्यक्ष (भावना)

आराम हराम

जब तक मंजिल को न पालो, है आराम हराम तुम्हें।
जब तक नभ को न कब्जा लो, है आराम हराम तुम्हें।।
काम कभी ना कल पर टालो, करने बहुत काम तुम्हें
झुकझुक दुनिया तब बख्शेगी, इज्जत सुबह शाम तुम्हें
जन्म वृथा ना है मानव का यह दिया पैगाम तुम्हें
पुरुषार्थ अपना अजमा लो, जीवन है संग्राम तुम्हें
जब तक मंजिल को न पालो, है आराम हराम तुम्हें।
जब तक नभ को न कब्जा लो, है आराम हराम तुम्हें।।
मंजिल का क्या है, यह तो खुद चलकर पास चली आती
भाँप तुम्हारे दृढ़ संकल्प, धरती तक दहली जाती
आँखों का घर छोड़ नींद भी दूर गुफा में खो जाती
जयमाला लिए विजयश्री आ, आलिंगन में सो जाती
वंदना नभ की स्वीकारो, दुनिया करे सलाम तुम्हें।
जब तक मंजिल को न पालो, है आराम हराम तुम्हें।
जब तक नभ को न कब्जा लो, है आराम हराम तुम्हें।।
चलता रहता लगातार जो, दुनिया पीछे चलती है
पी सिन्धु के जाए ज्वार जो निधियाँ नीचे मिलती है
नहीं मानता कभी हार जो, विजया उसको मिलती है
रहे मुसीबत पर सवार जो, खुशियाँ उसको मिलती है
गेंद सम ब्रह्माण्ड उठा लो, मिले देव वरदान तुम्हें।
जब तक मंजिल को न पालो, है आराम हराम तुम्हें।
जब तक नभ को न कब्जा लो, है आराम हराम तुम्हें।।
राम, कृष्ण, जिन!, गौतम नानक, मानव थे, भगवान नहीं
हर्ष, सिकन्दर, अकबर, सीजर, वे भी क्या इन्सान नहीं?
एक बार जो कदम उठाया था रुकने का नाम नहीं
जिसने अपनी मंजिल पाली, कहलाया भगवान वही।
इस लिए अब कसम उठा लो, करना ना विश्राम तुम्हें।
जब तक मंजिल को न पालो, है आराम हराम तुम्हें।
जब तक नभ को न कब्जा लो, है आराम हराम तुम्हें।।
हाथ आपके, कलम आपकी, स्याही रक्त बना डालो
अपने हाथों अपनी किस्मत, फिर तुम खुद ही लिख डालो
नहीं दोष दो कभी भाग्य को, अपना भाग्य बदल डालो
अपना खुद का, सारे जग का, नया भाग्य तुम रच डालो
इस धरा को स्वर्ग बना लो, लिखना नया कलाम तुम्हें।
जब तक मंजिल को न पालो, है आराम हराम तुम्हें।
जब तक नभ को न कब्जा लो, है आराम हराम तुम्हें।।

– अमर नाथ

पेंशनरों के लिये आवश्यक सूचना (राजकीय कर्मचारी)

राज्य सरकार ने 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों को पेंशनरों के लिये लागू कर दिया है। शासन ने माह जनवरी 2017 में आदेश जारी कर दिये थे कि पेंशनरों को माह फरवरी में पेंशन बढ़ाकर दी जायेगी। शासनादेश का सारांश निम्नवत् है :

1- पुनरीक्षित पेंशन पूर्व निर्धारित मूल पेंशन (Basic Pension) का 2.57 गुना होगी। यह प्राविधान जनवरी, 2016 से लागू माना जायेगा।

2- जुलाई, 2016 से पुनरीक्षित पेंशन पर 2% महंगाई भत्ता, अनुमन्य होगा।

3- माह जनवरी की पेंशन जो फरवरी 2017 में देय होगी उसमें update pension मिलेगी परन्तु पेंशन के arrears का भुगतान निम्नलिखित प्रक्रिया के अनुसार होगा।

अ) 50% arrears के अक्तूबर, 2017 में देय होगा।

ब) शेष 50% arrears अक्तूबर 2018 में देय होगा।

– इं. सुशील कुमार शर्मा

Learning of Life Skills leads to Dignified Aging Abstract

Prof. Avneesh Agrawal

Life Skill Based Education (LSBE) empowers an individual, a community and society. LBSE refers to an interactive process which enables learner to acquire knowledge and to develop attitude to be skill full. Life skills are survival skills. The indispensable life skills are - communication and interpersonal skills, empathy, cooperation and team work, advocacy skill and negotiation / refusal skill. There are another skills such as decision making and critical thinking skills, coping and self management skills. These skills cope an individual to lead dignified life .The adaption of life skills may be a part of life by participatory approach. The outcome of LBSE is expected that human-beings shall be able to achieve life goals at all stages of life (including old age) and utilize available opportunities in order to contribute to the development of own society and nation at large.

"Life skills" means the ability to cope with stresses and challenges of daily life, especially skills in communication and literacy, decision-making, occupational requirements, problem-solving, time management and planning. Life Skill Based Education (LSBE) empowers an individual, a community, a society. LSBE refers to an interactive process which enables learner to acquire knowledge and to develop attitude and skill. Life skills are survival skills. Basically, life skills can mean a lot of different things; different people need a different set of skills to survive and to fulfill their needs. Of course, the most important skills that people need to develop to meet out their individual specific needs are survival skills. The term "Life skills" refers to a large group of psycho-social and interpersonal skills which can help people make informed decisions, communicate effectively, and develop coping and self-management skills that may help them lead a healthy and productive life. Life skills may be directed toward personal actions and actions toward others, as well as actions to change the surrounding environment to make it conducive to health.

What the "Life skills" Are?

Life skills have been defined by World Health Organization (WHO) as "abilities for adaptive and positive behaviour that enable individuals to deal effectively with the demands and challenges of everyday life".

Life skills, in addition to essential literacy and numeric skills could encompass the ability to build sound, harmonious relationship with self, others and the environment; the ability to act responsibly and safely; the ability to survive under a variety of condition; and the ability to solve problems.

"Life Skills" Include "Livelihood skills"

Capabilities, resources and opportunities to pursue individual and household economic goals. Livelihood skills relate to income generation and may include technical/vocational skills (carpentry, sewing, computer programming), job seeking skills such as interviewing, business management skills, entrepreneurial skills, and skills to manage money.

"Knowledge" - The terms "knowledge" and "information" are usually used interchangeably. In general, however, "information" may describe what is communicated about a particular fact or subject; something received or told. While "Knowledge" refers to the state or condition of understanding that fact or subject, and being able to apply it.

"Attitudes" - The term "attitudes" is used to encompass the broad domain of social norms, ethics, morals, values, rights, culture, tradition, spirituality and religion, and feelings about self and others.

"Health" - WHO's broad view of

health as "the state of complete physical, mental and social well-being" is assumed here. Using this definition, social and economic conditions and the broader environment are considered the key determinants of health.

"Health-Promotion" - The process of enabling people to increase control over and to improve their health. Health Promotion not only embraces actions directed at strengthening the skills of individuals, but also action directed towards changing social, environmental and economic conditions so as to alleviate their impact on public and individual health. (From WHO Health Promotion Glossary)

"Life skills based education"(LSBE) - The term LSBE is often used almost interchangeably with skills-based health education. The difference between the two is in the type of content or topics that are covered. Not all program content is considered "health-related." For example, life skills-based literacy and numeracy, or life skills-based peace education, or human rights.

"Skills-based health education" - A combination of learning experiences that aim to develop not only knowledge and attitudes , but also skills (i.e., life skills) which are needed to make decisions and take positive actions to change behaviors and environments to promote health and safety and to prevent disease.

Historical Background of "Life Skills Based Education" (LSBE) - Life Skills-Based Education (LSBE) has a long history of supporting child development and health promotion. In 1986, the Ottawa Charter for Health Promotion recognized life skills in terms of making better health choices. The 1989, Convention on the Rights of the Child (CRC) linked life skills to education by stating that education should be directed towards the development of the child's fullest potential. The 1990 Jomtien Declaration on Education for All took this vision further and included life skills among essential learning tools for survival, capacity development and quality of life. The 2000 Dakar World Education Conference took a position that all young people and adults have the human right to benefit from "an education that includes learning to know, to do, to live together and to be", and included life skills in two out of the six EFA Goals.

Life skills-based education is now recognized as a methodology to address a variety of issues of child and youth development and thematic responses including as expressed in UNGASS on HIV/AIDS (2001), UNGASS on Children (2002), World Youth Report (2003), World Program for Human Rights Education (2004), UN Decade on Education for Sustainable Development (2005), UN Secretary General's Study on Violence Against Children (2006), 51st Commission on the Status of Women (2007), and the World Development Report (2007).

Life skills have been defined by WHO as "abilities for adaptive and positive behaviour that enable individuals to deal effectively with the demands and challenges of everyday life". They represent the psycho-social skills that determine valued behaviour and include reflective skills such as problem-solving and critical thinking, to personal skills such as self-awareness, and to interpersonal skills. Practicing life skills leads to qualities such as self-esteem, sociability and tolerance, to action competencies to take action and generate change, and to capabilities to have the freedom to decide what to do and who to be. Life skills are thus distinctly different from physical or perceptual motor skills, such as practical or health skills, as well as from livelihood skills, such as crafts, money management and entrepreneurial skills. Health and livelihood education however, can be designed to be complementary to life skills education, and vice versa

Life Skill Education (LSE)

LSE must be able to empower an individual, a community and a society in order to ensure certain level of skills as to:

- To understand and be able to make decision; negotiate hurdles based on critical analysis and rational judgment through a systematic process of self-awareness.
- Be able to communicate effectively so that one can respond to emergencies, immediate demands of situations of existing environment at large.
- Be able to cope with emotional traits like physical stress, mental shock.
- Be able to make choices among the existing alternatives so as to resist negative pressures and risk behaviors that are associated with growing restlessness and indulgence with regard to sexual health behavior of adolescent period.
- Be able to garner support in favor of sensitivity to gender equality and justice in the areas of right to education, healthcare, property, association, express opinion and participate in the decision-making processes that are affecting life and well-being.

Around the world, Life Skills-Based Education (LSBE) is being adopted as a means to empower young people in challenging situations. LSBE refers to an

interactive process of teaching and learning which enables learners to acquire knowledge and to develop attitudes and skills which support the adoption of healthy behaviors. It is also a critical element in UNICEF's definition of quality education. Thus we can say that LSE is expected to ensure healthy behavior so that young adults can successfully achieve their life goals and utilize available opportunities in order to contribute to the development of their own society at large.

Why do the incorporation of Life Skills are essential in life?

The challenges that we face in modern time and day today life are such as:

We all want to live full, productive lives but, sometimes we just don't know where to begin. There is a lot of information 'out there' that it can be overwhelming and hard to sort out. Depending on the problem, what seems to work for one person, may not necessarily work for everyone. There are different programs, strategies and techniques that it's hard to chose the right one.

One thing, however, is certain. If we want to accomplish anything in life and realize our full potential, we must have some skills - in this case of life skills. Living life fully and productively is at our door step. In order to excel at a job, a sport or any discipline; a person must acquire and master certain skills. These challenges are numerous and complex as:

- Finding purpose
- Defining ourselves
- Battling stress

In order to address challenges effectively we need practical and useful strategies.

Personal Development and Self-Realization:

Personal development is the pursuit of developing, honing and mastering the skills that help us become the best that we can, with all that we have. It is the reaching for, and realizing of, our full potential as human beings.

"If you plan on being anything less than you are capable of being, you will probably be unhappy all the days of your life."

- Abraham Maslow

"I do the best I know how, the very best I can; and I mean to keep on doing it to the end."

- Abraham Lincoln

Where do I begin?

Begin with establishing a firm foundation. That foundation is "I". I must know who I am, what I want, and what I am capable of. I must then determine which values, goals and principles I will set up to guide my actions.

Learning about and applying the 9 Essential Life Skills will help in personal development. It will help:

- To know and understand self better
- Live life more consciously and deliberately
- Attain personal satisfaction and fulfillment

Often, the hardest part in any endeavor is getting started, however once we do, there is a surprising snowball effect. We will begin to feel good about what we're doing and we'll want to continue. We will want to keep improving our self and we'll want to become the best that we can be. As we continue on the journey of personal development, we will become aware that there is much knowledge and information to be discovered and uncovered than we ever thought possible; knowledge about our self, knowledge about others, knowledge about life and the world around us.

"All men by nature desire knowledge."

-Aristotle

Personal development is about desiring and pursuing knowledge. To assist and pursuit our self in knowledge and in expanding new horizons, encourage our self to read and explore the pages on the arts, philosophy, and sports, the inspirational quotes, and personal development articles that include helpful tips and strategies, as well as other interesting pointer. We often tend to overlook how much it contributes to personal development and the balancing of the personality.

Development of essential life skills: A feel of missing something in life can be removed by developing and adapting essential life skills in our day to day life and making them an essential and integrated part of our live. Because without having developed them, no good is all the financial success in the world, if we don't have self-confidence or high self-esteem, know who we really are, what we want, or what we're doing here. We've all witnessed many outwardly successful and famous people who have not been able to find personal happiness. No amount of fame or fortune could fill the void they felt inside.

Therefore, in order to enjoy the fruits of any achievement we must first be happy with ourselves and possess the following 9 Essential Life Skills:

A Healthy Self-Concept which includes the three skills of:

1. Know Yourself
2. Love Yourself
3. Be True To Yourself.

The Critical Thinking that is needed to work on developing and honing the rest of the skills including:

4. Having a Personal Value System
5. Perspective
6. Have an Open Mind
7. Sense of Humor
8. Resilience
9. Acceptance.

"Established in Self-Realization, one is not moved even by the greatest calamity."

- Bhagavad Geeta

Personal development is an ongoing process and journey.

The indispensable life skills are:

The UNICEF and the UNESCO divide life skills into subsets of categories.

Learning to live together: Interpersonal abilities

Communication and Interpersonal skills:

Verbal / Nonverbal

Active listening

Expressing feelings; giving feedback (without blaming) and receiving feedback

Negotiation / Refusal Skills:

Negotiation and conflict management

Assertiveness skills

Refusal skills

Empathy: Ability to listen and understand another's needs and circumstances and express that understanding

Cooperation and Teamwork:

Expressing respect for others' contributions and different styles

Assessing one's own abilities and contributing to the group

Advocacy Skills:

Influencing skills and persuasion

Networking and motivation skills

Learning to know: Cognitive abilities

Decision making/problem-solving skills:

Information gathering skills

Evaluating future consequences of present actions for self and others

Determining alternative solutions to problems

Analysis skills regarding the influence of values and attitudes of self and others on motivation.

Critical thinking skills:

Analyzing peer and media influences

Analyzing attitudes, values, social norms and beliefs and factors affecting these

Identifying relevant information and information sources

Learning to be: Personal abilities

Skills for increasing internal locus of control:

Self-esteem/confidence building skills

Self-awareness skills, including awareness of rights, influences, Values, attitudes, strengths and weaknesses

Goal setting skills

Self-evaluation / Self-assessment / Self-monitoring skills

Skills for Managing Feelings:

Anger management

Dealing with grief and anxiety

Coping skills for dealing with loss, abuse, trauma

Skills for Managing Stress:

Time management Positive thinking

Positive thinking

Relaxation techniques

Life skills are practical behavior needed to meet the demands of everyday life, Young people who keeps on adapting these life skills are better equipped to make better choices in life and avoid risky behavior. Life skills, being practical and behavioural in approach it will allow a person to wade through the world.

Ways / Tips for incorporation of Life Skills in life (For ownself)

Know more about each skill -

• why it is essential and how I may apply and integrate it into my life.

• How to become the confident, independent, self-reliant person. I always knew I could be.

